संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 223
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
गुरुवार 15 अक्टूबर 2026


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



रामनाथ कोविन्द की जीवन यात्रा हर भारतीय के लिए प्रेरणा- योगी

लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की गरिमामयी उपस्थिति में उनकी आत्मकथा 'भारतीय गणतंत्र की विजयगाथाः मेरा जीवन, मेरा संघर्ष' का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति के जीवन को अभावों से संघर्ष करते हुए देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने की प्रेरणादायी यात्रा बताया। उन्होंने कहा कि रामनाथ कोविन्द ने अभावों को ढाल नहीं, बल्कि आगे बढ़ने और संघर्ष करने का मार्ग बनाया। उन्होंने परिश्रम, पुरुषार्थ और दृढ़ संकल्प के बल पर अपने जीवन की दिशा तय की। उनका जीवन देश के युवाओं और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनाथ कोविन्द का आगमन हमेशा प्रदेशवासियों के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि उत्तर प्रदेश उनकी जन्मभूमि भी है और उनकी कर्मसाधना की भूमि भी। यह अवसर इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि जिस आत्मकथा का पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा



विमोचन किया गया था, उसका हिंदी रूपांतरण अब उनकी पावन जन्मभूमि वाले लखनऊ में विमोचित हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनाथ कोविन्द की आत्मकथा एक ऐसे भारतीय की कहानी है, जिसने जीवन की कठिनाइयों को प्रगति में बाधा नहीं बनने दिया। परौंख गांव के एक अत्यंत गरीब परिवार में जन्म लेने वाले रामनाथ कोविन्द के सिर से बचपन में ही मां का साया उठ गया था। इसके बावजूद उन्होंने अभावों को कभी पलायन का कारण नहीं बनने दिया और न ही अपनी परिस्थितियों को किसी से कुछ मांगने का आधार बनाया। उन्होंने गांव के विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की, फिर उच्च शिक्षा अर्जित की और अधिवक्ता के रूप में वंचितों–गरीबों की आवाज बने। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रवादी विचारधारा और सार्वजनिक जीवन को अपने संघर्ष का हिस्सा बनाया। भारतीय जनता पार्टी के सदस्य एवं पदाधिकारी के रूप में राजनीतिक यात्रा शुरू करने के बाद वह राज्यसभा के सदस्य बने, बिहार के राज्यपाल पद पर पहुंचे और अंततः भारत के राष्ट्रपति के रूप में सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनाथ कोविन्द की यात्रा हमें बताती है कि महानता केवल अनुकूल परिस्थितियों में आगे बढ़ने से

● मुख्यमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की आत्मकथा 'भारतीय गणतंत्र की विजयगाथा, मेरा जीवन, मेरा संघर्ष' का किया विमोचन

नहीं आती, बल्कि प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझने के साहस से प्राप्त होती है। घर कच्चे थे, लेकिन इरादे पक्के थे। यही दृढ़ संकल्प उनकी यात्रा की शुरुआत बना। जब परिस्थितियां अनुकूल हों तो लोककल्याण और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए, लेकिन विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष से पीछे हटने के बजाय उनका सामना करने का जज्बा होना चाहिए। यही विशेषता रामनाथ कोविन्द को उस मुकाम तक लेकर गई, जहां उन्होंने पांच वर्ष तक 145 करोड़ भारतवासियों के संवैधानिक प्रमुख के रूप में देश का नेतृत्व किया। उन्हें जो भी दायित्व मिला, उसका निर्वहन उन्होंने सहजता, सरलता और भारतीय जनभावनाओं के अनुरूप किया। रामनाथ कोविन्द की विशेषता केवल सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचना नहीं है, बल्कि अपनी जन्मभूमि, गांव और पुराने संबंधों के प्रति उनका अनुराग भी है। उन्हें परौंख गांव जाने का कई बार अवसर मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भी उनके गांव पहुंच चुके हैं। जन्मभूमि के प्रति अनुराग रखना प्रत्येक भारतीय के जीवन का महत्वपूर्ण संस्कार होना चाहिए। राष्ट्रपति पद से अवकाश ग्रहण करने के बाद भी रामनाथ कोविन्द जब अवसर मिलता है, पुराने साथियों से मिलने पहुंचते हैं। कानपुर आने पर वह अपने गांव की ओर रुख करते हैं और लखनऊ आने पर पुराने परिचितों से मिलना नहीं भूलते। चाट वाले, चाय वाले, कपड़े वाले और दूसरे पुराने परिचितों के साथ उनके संबंध आज भी बने हुए हैं। उनका जीवन हमें अपनी जन्मभूमि के प्रति प्रेम और कृतज्ञता का संदेश देता है। व्यक्ति जीवन में कितनी भी ऊंचाई प्राप्त कर ले, उसे अपने मूल, अपने गांव, अपने समाज और उन लोगों को नहीं भूलना चाहिए, जिन्होंने उसकी जीवन यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

केंद्रीय कैबिनेट का फैसला : रेलवे कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा

11.40 लाख कर्मियों को मिलेगा 78 दिन का बोनस

नई दिल्ली,एजेंसी। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को तीन बड़े फैसलों का एलान किया। इन फैसलों में रेलवे कर्मचारियों को सरकार ने त्योहारों से पहले बड़ी सौगात दी है। कैबिनेट ने लगभग 11,40,770 रेलवे कर्मचारियों के लिए प्रदर्शन–आधारित बोनस को मंजूरी दी है। यह बोनस 78 दिनों के वेतन के बराबर होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे मेहनती रेलवे कर्मचारियों के लिए दिवाली का तोहफा बताया। वैष्णव ने बताया, "आज कैबिनेट ने तीन बहुत महत्वपूर्ण फैसले लिए। पहला फैसला लगभग 11,40,770 रेलवे कर्मचारियों के लिए 78 दिनों के प्रदर्शन–आधारित बोनस को मंजूरी देना था। यह बोनस दिन–रात अथक परिश्रम करने वाले मेहनती रेलवे कर्मचारियों के लिए दिवाली का तोहफा है। जब हम अपने परिवारों के साथ त्योहार मना रहे होते हैं, तब ये



कर्मचारी चौबीसों घंटे खेतों में, रेलवे ट्रैक पर, इंजनों के अंदर और कार्यशालाओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए काम करते रहते हैं। बोनस की कुल राशि लगभग 2,009 करोड़ रुपये है।" कैबिनेट ने लगभग 11,40,770 रेलवे कर्मचारियों के लिए बोनस को मंजूरी दी है। यह बोनस 78 दिनों के प्रदर्शन–आधारित होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे दिवाली का तोहफा बताया। यह बोनस रेलवे कर्मचारियों के अथक परिश्रम का सम्मान है। ये कर्मचारी दिन–रात काम करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। वे त्योहारों के दौरान भी चौबीसों घंटे ड्यूटी पर रहते हैं। वे खेतों, रेलवे ट्रैक, इंजनों और कार्यशालाओं में लगातार कार्यरत रहते हैं। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आईडीबीआई बैंक में 60.72: हिस्सेदारी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स की सहायक कंपनी, मेसर्स 10955230 कनाडा इंक. को 52,878.08 करोड़ रुपये में बेचने की मंजूरी दे दी। जिससे बैंक के बड़े पुनर्गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

कॉजपा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी पर ममता बनर्जी बोलीं, यह पूरी पीढ़ी को डराना है

कोलकाता,एजेंसी। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कॉकरोच जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं आशुतोष रांका और सौरव दास की गिरफ्तारी की निंदा की। उन्होंने इसे पूरी पीढ़ी को डराने और चुप कराने की कोशिश बताया और लोगों से देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होने की अपील की।



एक्स पर एक पोस्ट में, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए कई पीढ़ियों ने संघर्ष किया है और इस संघर्ष को जारी रखने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। बनर्जी ने कहा कि हमने और हमसे पहले की कई पीढ़ियों ने अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए मज़बूती से लड़ाई लड़ी है। हमें ऐसा करना जारी रखना चाहिए। सीजेपी कार्यकर्ताओं रंका और दास की गिरफ़्तारी की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं ब्रह्च के आशुतोष और सौरव की गिरफ़्तारी की कड़ी निंदा करती हूँ। ये पल हम सभी के लिए हैं; हमें अपनी महान लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होकर लड़ने का संकल्प लेना चाहिए और डटकर खड़े होना चाहिए। यह पूरी पीढ़ी को डराने और चुप कराने की कोशिश है। यह मंजूर नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपने संवैधानिक अधिकारों से कभी समझौता नहीं करना चाहिए। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि देश के कई हिस्सों में लोकतंत्र की हत्या हो रही है और दावा किया कि पश्चिम बंगाल में 14,000 लोग पुलिस और राजनीतिक अत्याचारों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के कई हिस्सों में लोकतंत्र की हत्या हो रही है। इस समय, बंगाल में हमारे 14,000 लोग पुलिस और राजनीतिक अत्याचार का सामना कर रहे हैं।

लोकतंत्र दबाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

राहुल गांधी ने युवाओं से गैर-कानूनी हिरासत का रिकॉर्ड रखने को कहा

नई दिल्ली,एजेंसी। केंद्र सरकार के खिलाफ़ अपना हमला तेज़ करते हुए, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जो लोग लोकतंत्र की आवाज़ को दबाने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें जल्द ही न्याय की सख़्त मार का सामना करना पड़ेगा। एक्स पर एक पोस्ट में, कांग्रेस नेता ने साफ़ तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का नाम लिया। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व से लेकर आम कार्यकर्ताओं तक, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। गांधी ने लिखा कि वह दिन आ रहा है जब हमारे लोकतंत्र की आवाज़ को दबाने की कोशिश करने वालों को न्याय की सख़्त मार का सामना करना पड़ेगा। चाहे वह नरेंद्र मोदी हों, अमित शाह हों, ज्ञानेश कुमार हों या कोई आम कार्यकर्ता। कांग्रेस नेता ने उन छात्रों और युवाओं से भी अपील की, जिन्होंने कथित तौर पर पुलिस की बर्बरता या



गैर–क़ानूनी हिरासत का सामना किया है, कि वे इन घटनाओं का पूरा रिकॉर्ड रखें। उन्होंने आगे कहा कि मैं चाहता हूँ कि हर छात्र और युवा, जिसने पुलिस की बर्बरता या ग़ैर–क़ानूनी हिरासत का सामना किया है, वह इसका पूरा रिकॉर्डकृवीडियो या फ़ोटोकृरखे; ये बहुत ज़रूरी होंगे। मौलिक अधिकारों पर अपनी पार्टी के रुख़ को दोहराते हुए, गांधी ने ज़ोर देकर कहा कि शांतिपूर्ण विरोध करना एक संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध आपका अधिकार है। हम किसी को भी इसे छीनने नहीं देंगे। राहुल गांधी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब कई मुद्दों को लेकर देश भर में विरोध–प्रदर्शन हो रहे हैं और राजनीतिक तनाव बढ़ा हुआ है। कांग्रेस पार्टी अक्सर सत्ताधारी सरकार पर असहमति को दबाने और सरकारी मशीनरी का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाती रही है। इससे पहले दिन में, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चेतावनी दी कि मुख्य चुनाव आयुक्त (ब्ब्) ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर हो रहे प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों के साथ कथित मारपीट के लिए जिम्मेदार लोगों को अंजाम भुगतना होगा।

अमेरिका से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान ने भेजा अपहरण का सिग्नल, जयपुर में आपात लैंडिंग

नयी दिल्ली,एजेंसी। अमेरिका के फ्रैंकफर्ट से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के एक विमान की बुधवार सुबह ष्सुरक्षा कारणों सेष जयपुर में आपात लैंडिंग कराई गई। सूत्रों के मुताबिक, विमान ने अपहरण का कोड भेजा था जिसके बाद उसे जयपुर डायवर्ट करने का निर्देश दिया गया। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि विमान की जयपुर हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग हुई। सुरक्षा जांच के बाद विमान को उड़ान भरने के लिए मंजूरी मिल गई है। यात्रियों को दुबारा उसी विमान से दिल्ली भेजा जा रहा है। बयान में कहा गया है, ष्एयर इंडिया की फ्रैंकफर्ट से दिल्ली जा रही उड़ान एआई2030 को सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण 14 अक्टूबर को जयपुर डायवर्ट कर दिया गया। विमान जयपुर में सुरक्षित उतरा। संबंधित सुरक्षा एजेंसियों ने जरूरी जांच–पड़ताल की और विमान तथा चालक दल के सदस्यों को आगे की यात्रा के लिए अनुमति दे दी है।

एसआईआर पर जयराम रमेश का अमित शाह से सवाल, क्या 14 करोड़ भारतीय नागरिक घुसपैठिए हैं

नई दिल्ली,एजेंसी। कांग्रेस ने बुधवार को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा और सवाल किया कि क्या वह यह कहना चाहते हैं कि मतदाता सूची से बाहर हुए करीब 14 करोड़ भारतीय नागरिक "घुसपैठिये" हैं? पार्टी महासचिव जयराम रमेश



ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "एसआईआर का लगातार बचाव कर रहे केंद्रीय गृह मंत्री से तीन बेहद सरल और सीधे सवाल हैं : कितने घुसपैठियों की पहचान हुई? कितने घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए? कितने घुसपैठियों को देश से बाहर भेजा गया?" कांग्रेस नेता ने दावा किया कि करीब 100 करोड़ भारतीयों को एसआईआर की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा है और उन्हें इसके नतीजे जानने का पूरा अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के "सूत्रधार" बार–बार घुसपैठियों का तर्क देकर असल मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। रमेश ने एसआईआर को "शाह इंस्टिगेटेड रिमूवल" करार देते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री शाह की "हताश जोड़ी" ने करीब 14 करोड़ भारतीयों को उनके मताधिकार से वंचित कर दिया है। कांग्रेस महासचिव ने सवाल किया, "क्या गृह मंत्री यह कहना चाहते हैं कि ये 14 करोड़ भारतीय घुसपैठिए हैं? क्या गृह मंत्री के तौर पर उनकी निगरानी में देश में घुसपैठियों की संख्या में इतनी भारी बढ़ोतरी हुई है?" रमेश की यह टिप्पणी शाह द्वारा एसआईआर का बचाव करने और विपक्ष पर वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों को बचाने का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद आई है।

नीला ड्रम हत्याकांड

मुस्कान और साहिल को मृत्युदंड

मेरठ,सवांददाता। मेरठ के बहुचर्चित सौरभ राजपूत हत्याकांड यानी नीला ड्रम केस में अदालत ने दोनों दोषियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। अदालत का फैसला सुनते ही मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला भावुक हो गए। जिला जज अरविंद कुमार मिश्रा की अदालत में बुधवार को सजा पर सुनवाई की। वहीं मुस्कान ने कहा कि उसकी दो बेटियां है उनका ख्याल रखा जाए। हालांकि लंच से पहले भी जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए दोनों दोषियों से अदालत ने पूछा कि क्या वे सजा सुनाए जाने से पहले कुछ कहना चाहते हैं। दोनों ने जवाब दिया कि उन्हें कुछ नहीं कहना है। लंच के बाद दोनों को दोबारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। जब अदालत ने



मुस्कान की आंखों में आंखें डालकर सीधा सवाल दागा–तुम अपने पति की हत्या की दोषी साबित हो चुकी हो, अपने लिए क्या सजा चाहती हो? मुस्कान ने कहा–मेरी दोनों बेटियां बहुत छोटी हैं, उनका ख्याल रखा जाए... मुझे कम से कम सजा दी जाए। जब अदालत ने उसके हमदर्द और जुर्म के साझीदार साहिल से पूछा, तो उस खूंखार आशिक की हेकड़ी भी पूरी तरह हवा हो चुकी थी। साहिल ने भी कांपती आवाज में सिर्फ इतना ही कहा–साहब, कम से कम सजा दीजिए। इसके बाद अदालत ने दोनों को मृत्युदंड की सजा सुनाई। जेल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, फैसला सुनते समय मुस्कान ने हाथ जोड़ रखे थे और बाद में रोने लगी। साहिल शुक्ला की आंखें भी नम हो गईं। कुछ देर बाद दोनों फूट फूटकर रोए, जिसके बाद उन्हें बैरकों में ले जाया गया। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने अपराध की गंभीरता और क्रूरता का हवाला देते हुए दोनों के लिए मृत्युदंड की मांग की थी। दूसरी ओर, बचाव पक्ष ने मुस्कान की दो बेटियों के भविष्य और परवरिश का हवाला देकर अदालत से नरमी बरतने की अपील की थी।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई पेशी, अदालत ने पूछा– कुछ कहना है?

सजा पर फैसला सुनाए जाने से पहले मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला को जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिला जज के सामने अलग–अलग पेश किया गया। अदालत ने दोनों से उनकी बात रखने का अवसर दिया। दोनों ने कहा कि उन्हें कुछ नहीं कहना है। सीनियर जेल सुपरिंटेंडेंट वीरेश राज शर्मा के मुताबिक, अदालत ने दोनों से विभिन्न मुद्दों पर सवाल किए।

भारत-आसियान मिलकर करेंगे समुद्री सुरक्षा और रक्षा तकनीक पर काम : राजनाथ

नयी दिल्ली,एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत ऐसा हिंद–प्रशांत क्षेत्र चाहता है, जहां छोटे–बड़े सभी देश अपने फैसले खुद ले सकें, अपने हितों की रक्षा करें और शांति से विकास करें। उन्होंने भारत और आसियान देशों से समुद्री सुरक्षा, रक्षा तकनीक, साइबर खतरों और आपदा प्रबंधन में सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। श्री सिंह बुधवार को यहां मनोहर परिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान में पहले आसियान–भारत रक्षा थिंक टैंक फोरम को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत और आसियान का साझा हित शांति, स्थिरता, समृद्धि और खुले एवं समावेशी हिंद–प्रशांत क्षेत्र में है। भारत की एक्ट ईस्ट नीति, सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) और महासागर (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के



लिए साझा एवं समग्र प्रगति) की सोच सहयोग और बहुध्रुवीय व्यवस्था को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि भारत की हिंद–प्रशांत नीति में आसियान के नेतृत्व वाले क्षेत्रीय मंचों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बढ़ती रणनीतिक प्रतिस्पर्धा, समुद्र में तनाव और अनिश्चितता के साथ आतंकवाद, साइबर अपराध, समुद्री डकैती, मानव तस्करी, अवैध मछली पकड़ने, जलवायु संबंधी आपदाओं और जरूरी आपूर्ति व्यवस्था पर खतरे बढ़ रहे हैं। कोई भी देश अकेले इन चुनौतियों से नहीं निपट सकता। देशों को मतभेदों पर समय रहते शांतिपूर्ण बातचीत करनी चाहिए, अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करना चाहिए और ऐसा क्षेत्रीय माहौल बनाना चाहिए, जहां किसी देश पर किसी एक पक्ष को चुनने का दबाव न हो। श्री सिंह ने भारत और दक्षिण–पूर्व एशिया के बीच सदियों पुराने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, व्यापारिक और वैचारिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति क्षेत्र के देशों के साथ समान भागीदारी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता है। भारत और आसियान के हिंद–प्रशांत दृष्टिकोण एक–दूसरे के पूरक बन सकते हैं। क्षेत्रीय मंचों के बीच प्रतिस्पर्धा पैदा करने के बजाय सहयोग मजबूत किया जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि हिंद महासागर और दक्षिण–पूर्व एशिया के समुद्री क्षेत्र आपस में जुड़े हैं और व्यापार, ऊर्जा, लोगों तथा जरूरी सामान की आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण हैं।

संपादकीय

ट्रंप के भ्रम

इसमें दो राय नहीं कि कथित रूप से विश्व की महाशक्ति कहलाने वाले अमेरिका के भ्रम भी बड़े हैं। 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' की तर्ज पर दुनिया को हांकने वाले ट्रंप द्वारा रूसी डीजल खरीदने के निर्णय ने अमेरिका को एक बार फिर दुनिया में बेनकाब किया है। यह विडंबना है कि रूसी तेल खरीदने पर ट्रंप ने भारत पर पच्चीस फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया था। अब वही ट्रंप जब घरेलू राजनीति की मुश्किलों में घिरे तो उन्होंने यूक्रेन युद्ध की तमाम नैतिक दलीलें ताक पर रख अब रूस से डीजल खरीदने का फैसला कर लिया। दुर्भाग्यपूर्ण यह भी है कि पिछले दिनों ट्रंप ने एक ऐसे कानून को मंजूरी दी थी, जिसमें भारत व चीन के रूस से कच्चा तेल खरीदने पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने का प्रावधान था। ये अमेरिका के दोहरे चरित्र को ही उजागर करता है। यह सर्वविदित है कि अमेरिका की तमाम नीतियां 'अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर खत्म हो जाती हैं।' 'पल में तोला, पल में माशा' वाले ट्रंप के बयानों पर विश्वास करना मुश्किल होता है। कब वे अपनी पहली बात से मुकर जाएं, कहना कठिन है। उनके भ्रामक बयानों ने पूरी दुनिया में अमेरिका की विश्वसनीयता को रसातल में पहुंचा दिया है। ट्रंप पहले दलील देते रहे हैं कि रूस से पेट्रोलियम पदार्थों को खरीदने का मतलब है कि यूक्रेनियों के संहार के लिये संसाधन उपलब्ध कराना। अब जब अमेरिका रूस से डीजल खरीदेगा तो क्या उससे रूस की आक्रामकता को बढ़ावा नहीं मिलेगा? लगातार यूक्रेन के समर्थन में बयानबाजी करने वाले ट्रंप ने अब डीजल खरीदने के लिये ही यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की पर बड़ा हमला बोला है। अब वे उन्हें शांति के रास्ते में बाधक बता रहे हैं। ट्रंप ने यहां तक कह दिया है कि अब यूक्रेन को अपना राष्ट्रपति बदल लेना चाहिए। उनके इस बयान से दुनिया व नाटो में खलबली मच गई है। यानी ट्रंप अमेरिकी डीजल जरूरतों के लिये यूक्रेन पर युद्ध खत्म कराने के लिये दबाव बना रहे हैं। दरअसल, ट्रंप की रूस से तेल खरीदने की नीति में आए बदलाव की असली वजह अगले माह अमेरिका में होने वाले चुनाव हैं। अमेरिका में डीजल के दामों में आई तेजी से जनाधार उनके खिलाफ हो रहा है। ईरान से जारी युद्ध के चलते पूरी दुनिया में कच्चे तेल की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। भारत ही नहीं, तमाम यूरोपीय देश भी इस संकट से जूझ रहे हैं। लेकिन ट्रंप को सिर्फ अपने देश में होने वाले मध्यावधि चुनाव में जीत हासिल करने की चिंता है। उनकी लोकप्रियता का ग्राफ अमेरिका में तेजी से गिरा है। आखिर भारत जैसे देश भी वैश्विक तेल संकट में ऐसी ही परिस्थिति का सामना कर रहे हैं। ईरान संकट के चलते पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। सवाल यह है कि फिर कोई संप्रभु राष्ट्र अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिये रूस या अपनी सुविधा के देश से कच्चा तेल क्यों न खरीदे? आखिर तेल खरीद को लेकर अमेरिका के लिये अलग और अन्य देशों के लिये अलग मापदंड क्यों बनाये जा रहे हैं? आखिर भारत व चीन आदि की ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चिंताओं को क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है? जाहिरा तौर पर पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वृद्धि का दबाव भारत के लिये भी उतना ही है। भारत जैसे देश के लिये तो यह चुनौती और बड़ी है क्योंकि हम अपनी ऊर्जा जरूरतों के 88 फीसदी पेट्रोलियम पदार्थ विदेशों से आयात करते हैं। वैसे तो अमेरिका दुनिया के बड़े तेल उत्पादकों में शामिल है। बहरहाल, इस घटनाक्रम का एक सुखद पहलू यह भी है कि वैश्विक बाजार में रूसी तेल–डीजल खरीद पर प्रतिबंध हटने से इसकी वैश्विक उपलब्धता में वृद्धि होगी। जिससे इसकी कीमतों में स्थिरता आएगी। भरोसा है कि भारत की आर्थिकी को भी इससे राहत मिल सकेगी। वैसे यह भी हकीकत है कि भारत ने अमेरिका के तमाम दबावों के बावजूद अपने पुराने विश्वसनीय मित्र रूस से तेल खरीदना कभी बंद नहीं किया। अब भले ही उसका प्रतिशत कुछ कम–ज्यादा हुआ हो।

न्यायपालिका की तरफ बढ़े जनता के कदम

डॉ. दीपक पाचपोर

करोड़ों लोगों के वोटर लिस्ट से नाम कटने का मतलब है लोकतंत्र का ही खत्म हो जाना। ऊपर जिन मुद्दों का जिक्र किया गया है, उन पर देश में कई बार नाराजगी दिखाते हुए जनता सड़कों पर आई है।

सोमवार 12 अक्टूबर को देश की राजधानी दिल्ली में विपक्षी दलों के नेतृत्व में आम जनता ने अभूतपूर्व विरोध–प्रदर्शन किया। राहुल गांधी के एक आह्वान पर लाखों की संख्या में लोग जुटे, क्योंकि अब सवाल महज भ्रष्टाचार, काला धन, पेपर लीक, लड़कियों की सुरक्षा, सांप्रदायिक उन्माद जैसे मुद्दों का नहीं है, सवाल अपने नागरिक होने के हक को बचाने का है। अगर करोड़ों लोग वोट देने के अधिकार से ही वंचित कर दिए जाते हैं, तो फिर वे इस लोकतंत्र का हिस्सा भी नहीं रह जाएंगे। करोड़ों लोगों के वोटर लिस्ट से नाम कटने का मतलब है लोकतंत्र का ही खत्म हो जाना। ऊपर जिन मुद्दों का जिक्र किया गया है, उन पर देश में कई बार नाराजगी दिखाते हुए जनता सड़कों पर आई है। राजधानी दिल्ली में भी जे पी आंदोलन से लेकर अन्ना आंदोलन या पिछले बरसों में किसान आंदोलन, शाहीन बाग आंदोलन जैसी घटनाएं घटी हैं। ऐसे हरेक आंदोलन के पीछे सामाजिक, गैर सरकारी संगठन या विभिन्न राजनैतिक दल होते हैं। वे सरकार के खिलाफ अपने आक्रोश को दिखाने या अपनी मांगों के लिए सड़क पर उतरते हैं, सरकारें ताकत दिखाने के लिए कभी दमनकारी पैंतरे आजमाती है, कभी थोड़ी बहुत तकरार और बहस के बाद दोनों पक्ष बातचीत की मेज पर आते हैं। लेकिन वोट चोरी के मुद्दे पर जनता की नाराजगी और विपक्ष के आह्वान पर खड़े हुए आंदोलन में केवल एक ही पक्ष तस्वीर में दिखाई दे रहा है। दूसरे पक्ष यानी सरकार की तरफ से केवल पुलिस, सुरक्षा बल या दक्षिणपंथी संगठनों के गुंडे–मवाली ही नजर आ रहे हैं। जिनसे शिकायत है, यानी प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, मुख्य चुनाव आयुक्त वे सब तस्वीर से इस तरह गायब हैं, मानो उन्हें जनता से कोई सरोकार ही नहीं है। उन्हें सत्ता मिल चुकी है और अब जनता उनकी नजरों से गायब है। इसलिए राहुल गांधी ने पहले ही आह्वान किया था कि अब वे इंडिया ब्लॉक की तरफ से भारत के मुख्य न्यायाधीश से मिलने जाएंगे और अपनी शिकायतों को उनके सामने रखेंगे। हालांकि सुबह ही मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने ऐसी किसी मुलाकात के लिए अपनी सहमति नहीं दी। उनका कहना था कि सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं। कोई भी याचिका दायर कर सकता है, चाहे वह आम नागरिक हो या किसी निर्वाचित निकाय का सदस्य। भारत के हर नागरिक को हमारे पास आने का अधिकार है। हम कानून के अनुसार उनकी शिकायतों पर सुनवाई करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि जो लोग राहत पाने के हकदार हैं, उन्हें राहत मिले। मुख्य न्यायाधीश ने बिल्कुल कानूनसम्मत बात कही है। लेकिन अभूतपूर्व वक्त में फैसले भी अभूतपूर्व तरीके से ही लिए जाते हैं। जैसे पहले अदालत तक पहुंचना भी सबके बस में नहीं होता था। फिर 80 के दशक में न्यायमूर्ति पी. एन. भगवती और न्यायमूर्ति वी. आर. कृष्ण अय्यर ने पोस्टकार्ड पर लिखी शिकायत या याचिका को भी सुनवाई के योग्य माना, क्योंकि न्याय पाना हरेक का अधिकार है। इसके बाद अदालत ने तय किया कि गरीब, कैदी, बंधुआ मजदूर या शोषित व्यक्ति औपचारिक वकील या कोर्ट की जटिल प्रक्रिया का पालन करने में असमर्थ है, तो उसके द्वारा भेजा गया पोस्टकार्ड या पत्र भी रिट याचिका के रूप में दर्ज किया जा सकता है। ऐसी ही नयी पहल मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत भी शुरु कर सकते थे कि वे देश की आधी से अधिक आबादी का प्रतिनिधित्व कर रहे विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात कर उनसे शिकायती पत्र स्वीकार कर सकते थे। बाद में अदालत में मामला तो प्रक्रिया के मुताबिक ही चलता। बहरहाल, सीजेआई सूर्यकांत न्यायिक और लोकतांत्रिक इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से अपना नाम दर्ज करवाने का मौका गंवा बैठे हैं। बीते शुक्रवार को ही राष्ट्रपति मुर्मू ने भी विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात की। क्योंकि जिन ज्ञानेश कुमार से विपक्ष मिलना चाह रहा है, वो मिलने का वक्त तो दे ही नहीं रहे, बल्कि इस समय पूरी तरह गुमशुदा चल रहे हैं। विपक्ष उनसे मिलता तो उन्हें अपना पत्र सौंप कर पूछता कि आपके मातहत दोनों चुनाव आयुक्तों ने जो आपत्तियां बार–बार उठाईं, उन पर आपका क्या रुख है। चुनाव आयोग में एसआईआर को लेकर किस तरह फैसले लिए गए, कब–कब इस बारे में बैठक हुई, बैठकों का एजेंडा और मिनट्स सब की जानकारी मुहैया करा दीजिए। अगर ज्ञानेश कुमार विपक्ष की मांगों पर ऐसा करते तो आज लाखों लोगों को प्रदर्शन के लिए न उतरना पड़ता, न लाखों का पुलिस बल दिल्ली की सड़कों पर तैनात होता। 2024 के चुनाव के बाद जब राहुल गांधी ने महादेवपुरा और अलंद सीटों में वोटर लिस्ट की गड़बड़ी के सबूत प्रेस कांफ्रेंसस में दिखाए थे तो इन्हीं ज्ञानेश कुमार ने राहुल गांधी के सामने दो विकल्प रखे थे या तो वे हलफनामा दें या फिर माफी मांगे, तीसरा विकल्प राहुल गांधी को ज्ञानेश कुमार ने नहीं दिया था। लेकिन राहुल गांधी ने इनकी जगह कई और प्रेस कांफ्रेंसेस कीं और कई जगहों पर वोट चोरी के सबूत पेश कर दिए। अब ज्ञानेश कुमार राहुल गांधी के सामने विकल्प नहीं रख रहे, बल्कि कहीं गायब होकर देश में लोकतंत्र का तमाशा बनते देख रहे हैं। हालांकि सोमवार की प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने फिर से ज्ञानेश कुमार के सामने विकल्प रखा है कि वे खुद आकर बता दें कि एसआईआर के जरिए वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर हेराफेरी की साजिश किसके दबाव में रची गई। अगर ज्ञानेश कुमार ऐसा करते हैं, तब तो उनके पास बचने का मौका रहेगा, वर्ना कानूनन उन्हें सजा दिलाने का पूरा इंतजाम किया जाएगा, ऐसा दावा राहुल गांधी ने किया है।

जंतर मंतर खाली कराने के निहितार्थ

राजेंद्र शर्मा

मोदी–शाह की जोड़ी चाहे तो इसके लिए अपने गाल बजा सकती है कि 10 अक्टूबर को और उसके बाद भी उसने जंतर–मंतर को प्रदर्शनकारियों से खाली रखा है। पिछले कई वर्षों से राजधानी में जनतांत्रिक विरोध प्रदर्शनों का केंद्र रहे जंतर–मंतर की, जो कि देश की सत्ता के मुख्य केंद्र, संसद तथा शासन के अधिष्ठान, प्रधानमंत्री कार्यालय समेत मंत्रालयों तथा केंद्रीय सचिवालय के बहुत ही नजदीक है, इस बार उसने ऐसे पक्के किलेबंदी की थी कि परिंदा भी पर नहीं मार सका। वैसे दिल्ली पुलिस की सारी ताकत के ऊपर से, देश के विभिन्न हिस्सों से जुटाए गए 40 हजार से ज्यादा अर्द्ध–सैनिक बलों तथा तरह–तरह की वाहनियों के जवानों की आक्रामक तैनाती के जरिए, राजधानी को पुलिस राज्य में तब्दील करने और वहां एक नये तरीके का पूरा लॉकडाउन थोपने के बावजूद, जंतर–मंतर पर परिंदे के भी पर नहीं मार पाने की यह शेखी भी शायद पूरी तरह से सही नहीं है। बेशक, सांकेतिक तरीके से सही, 10 अक्टूबर को जंतर–मंतर की मोदीशाही की अभेद्य किलेबंदी को और किसी ने नहीं, सीपीएम के अस्सी वर्षीय वरिष्ठ नेता और केरल के पूर्व–मुख्यमंत्री, पिनराई विजयन ने अपने दो साथियों के साथ भेदकर दिखाया था और जंतर–मंतर के बीच खड़े होकर गिरफ्तारी से पहले नारा लगाया था कि मोदी–शाह तुम देख लो, हम जंतर–मंतर पहुंच गए! फिर भी यह तो सच है कि मोदीशाही जंतर–मंतर को प्रदर्शनकारियों के लिए वर्जित क्षेत्र बनाने में कामयाब रही है। बेशक, दिल्ली को बाकायदा युद्घ के मैदान में तब्दील करने, करीब दस हजार लोगों को जिनमें युवाओं की संख्या सबसे बड़ी थी, निर्ममता से मार–पीट कर गिरफ्तार करने के जरिए, राजधानी को लगातार घेरेबंदी में रखने के जरिए और मौजूदा निजाम के फासीवादी चेहरे को नये–नये कोणों से उजागर करने के बाद ही, मोदीशाही को यह श्जीतश हासिल हुई है। और हाथ के हाथ, अपनी इस कामयाबी को पक्का करने की कोशिश में उसने राजधानी में सार्वजनिक प्रदर्शन स्थल के रूप में जंतर–मंतर के तय किए जाने को खत्म ही करने का और इसके बदले में तीन सार्वजनिक प्रदर्शन स्थल तय करने का ऐलान किया हैकृरामलीला मैदान, बुराड़ी ग्राउंड और पूर्वी दिल्ली में सीबीडी ग्राउंड। लेकिन, इन नये प्रदर्शन स्थलों के अधिसूचित किए जाने से, जंतर–मंतर के पुलिस के बल पर शासन द्वारा कब्जाए जाने की जघन्यता कम नहीं हो जाती है। जंतर–मंतर का खाली कराया जाना, सिर्फ एक जगह का खाली कराया जाना नहीं है। यह जनतंत्र में प्रदर्शनों का बेदखल किया जाना है। यह लाठी के जोर से जनता की आवाज का बेदखल किया जाना है। यह जनतंत्र से जनता का ही बेदखल किया जाना है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि जंतर–मंतर को जनता से छीनने के बाद, उसे जो प्रदर्शन स्थल दिए जा रहे हैं, उनका चुनाव सिर्फ यह सुनिश्चित करने की कोशिश नहीं दिखाता है कि जनता के प्रदर्शनों के शोर की आवाज से, लुटियन की दिल्ली में जमे शासकों की नींद में खलल नहीं पड़े। इन प्रदर्शन स्थलों का चुनाव इसकी कोशिश भी दिखाता है कि प्रदर्शनकारी आम देशवासियों से भी कटकर प्रदर्शन करते रहें। उनकी आवाज शासकों ही नहीं, आम देशवासियों तक भी नहीं पहुंचे। तानाशाहों को सबसे ज्यादा डर तो इसी से लगता है कि विरोध की कोई आवाज कहीं जनता तक नहीं पहुंच जाए और जनता इस विरोध की आवाज को अपनी आवाज न बना ले। रामलीला मैदान को छोड़कर, दोनों सुझाए गए नये प्रदर्शन स्थल एक प्रकार से प्रदर्शनों और विरोध को देश निकाला देने जैसे ही हैं। बहरहाल, इसका नतीजा चाहे जो हो और यह मौजूदा सत्ता के तानाशाहाना चेहरे को चाहे कितना ही बेनकाब क्यों न कर रहा हो, यह एक सबक है जो मोदीशाही ने 20 जुलाई के जंतर–मंतर के संसद मार्च और उसके बाद के घटनाक्रम से सीखा है, जिसमें शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लिया जाना भी शामिल था। मोदीशाही के दुर्भाग्य से, वर्तमान जंतर–मंतर–2 के केंद्र में भी, एक बुनियादी व्यवस्थागत विकृति के उपचार की शुरूआत के रूप में, वर्तमान सत्ता द्वारा संरक्षित एक उच्चाधिकारी के इस्तीफे की मांग की हैकृमुख्य चुनाव आयुक्त, ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग। इस जंतर मंतर–2 को जंतर–मंतर से बेदखल करने के लिए, मोदीशाही का अपनी सारी दमनकारी ताकत झोंक देना, उसके पिछले आंदोलन के सबक को ही दिखाता है। और यह सबक है, अपने बढ़ते विरोध का सामना करने के लिए, तानाशाही की बहुत तगड़ी खुराक आजमाने की जरूरत का। तानाशाही की बहुत तगड़ी खुराक माने फासीवादी तानाशाही के रास्ते पर तेजी से बढ़ना। इसके लिए दो खासतौर पर हिंसक सबक मोदीशाही ने जंतर मंतर–1 से सीखे हैं। पहला, शासन की दमनकारी ताकत के प्रयोग में हिंसा के पैमाने और प्रकृति, दोनों के परिमाण में बहुत बढ़ोतरी का है। जंतर मंतर–2 के खिलाफ, पूरे शहर की जबर्दस्त किलेबंदी और जन–जीवन को ठप्प करने का ही रास्ता नहीं अपनाया गया है, जिसमें राजधानी की ओर आने वाली सैकड़ों रेलगाड़ियां तथा राजधानी में अधिकांश मैट्रो स्टेशन बंद करने से लेकर, संभावित प्रदर्शनकारियों की रास्ते में से ही तथा घरों से ही गिरफ्तारियां तक शामिल थीं। इसके अलावा, जंतर मंतर–1 से भिन्न इस बार, दमनकारी ताकत का इस्तेमाल अंधाधुंध तरीके से करने की जगह, उसे सोचे–समझे तरीके से टार्गेटेड बनाया गया है। दमनकारी हिंसा की इस टार्गेटिंग के हिस्से के तौर पर, एक आम तौर पर प्रदर्शनकारियों और खासतौर पर उनके नेताओं को चुन–चुनकर हिंसक हमलों का निशाना बनाया गया है। एक ओर अगर वामपंथी छात्र व युवा संगठनों के शीर्ष नेताओं को चुन–चुनकर, उन्हें शारीरिक चोट पहुंचायी गयी है, तो दूसरी ओर आम छात्राओं तथा छात्रों को यौन प्रतारणा तथा निजी अंगों पर प्रहार से लेकर, कपड़े फाड़ने तथा निर्वस्त्र तक करने के जरिए अपमानित करने का भी सहारा लिया गया है। और शारीरिक हमलों का सिलसिला हिरासत में न सिर्फ जारी रहा है बल्कि मोबाइल जेल जैसी अमित शाह की पुलिस की नयी खोजों का, विशेष रूप से इसी के लिए हिरासत में लिए गए युवाओं को, और भी असुविधाजनक तथा असहाय स्थिति में रखने के लिए किया गया है। इसका मकसद, उनका मनोबल बुरी तरह से तोड़ना ही था। दूसरी ओर, सीपीआई (एम) महासचिव, एमए बेबी और जॉन ब्रिटास समेत अनेक वामपंथी व अन्य सांसदों को सोचे–समझे तरीके से निशाना बनाया गया, ताकि आम तौर पर युवाओं में दहशत पैदा की जा सके। जंतर मंतर–2 के खिलाफ ऐसी ही टार्गेटिंग मीडिया और खासतौर पर डिजिटल मीडिया की भी की गयी। यह भी जंतर मंतर–1 से मोदीशाही द्वारा लिए गए सबक का ही मामला था। वह सबक यह था कि इंटरनेट को बंद कर के, शासन के दमन चक्र की खबरों के फैलने की रफ्तार को धीमा तो किया जा सकता है, लेकिन उनके फैलने को रोका नहीं जा सकता है। इसलिए, इस बार शुरू से ही डिजिटल मीडिया को एक प्रकार से पूरी तरह से कवरेज के क्षेत्र से ही बाहर रखने की कोशिश की गयी। मीडिया पास की कड़ी शर्तें लगायी गयीं और मीडियाकर्मियों को प्रदर्शन स्थलों से दूर से दूर रखने की ही कोशिश की गयी। इसके बाद भी, प्रदर्शन स्थलों के करीब पहुंच गए मीडियाकर्मियों को पहचान पत्रों से भली–भांति पहचाने जाने के बावजूद, न सिर्फ उठा–उठाकर पुलिस हिरासत की गाड़ियों में लादा गया, बल्कि उनके साथ मारपीट भी की गयी और अनेक मामलों में फोन छीनने से लेकर, तस्वीरें डिलीट कराने के लिए जोर–जबर्दस्ती भी की गयी। यहां तक कि एक जानी–मानी पत्रकार के हिरासत में लिए जाने का विरोध कर रहे, पांच–छः अन्य पत्रकारों को भी उठा कर हिरासत में डाल दिया गया। जाहिर है कि यह खबरों को और खासतौर पुलिसिया हिंसा की तस्वीरों को बाहर ही नहीं आने देने की कोशिश थी।

चुनावी लोकतंत्र बहाल करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय को निर्णायक कदम उठाने होंगे

के रवींद्रन

भारत का चुनावी लोकतंत्र एक ऐसे नाजुक मोड़ पर है जहां न्यायिक दखल सिर्फ प्रक्रिया की जांच और चिंता जताने तक सीमित नहीं रह सकता। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर बढ़ता विवाद, मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) के तहत बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाना, और जन–विरोध प्रदर्शनों पर सरकार का लगातार सख्त रवैया– इन सबने एक संवैधानिक संकट पैदा कर दिया है जिसके लिए असाधारण कदम उठाने की जरूरत है। सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायिक निगरानी में इस विवादित प्रक्रिया को आगे बढ़ने की इजाजत दी थी, इसलिए अब यह सुनिश्चित करने की उसकी ही खास जिम्मेदारी है कि कहीं उसकी मंजूरी से अनजाने में ही वोट देने के मौलिक अधिकार को कमजोर न किया गया हो। यह टकराव चुनावी प्रशासन के पारंपरिक दायरे से काफी आगे निकल चुका है। विपक्षी दल, नागरिक समाज संगठन और युवा आंदोलन न सिर्फ चुनाव आयोग के अलग–अलग फैसलों पर सवाल उठा रहे हैं, बल्कि खुद इस संस्था की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। 10 अक्टूबर के प्रदर्शनों से पहले नई दिल्ली में प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेना, सार्वजनिक परिवहन पर रोक लगाना और हजारों सुरक्षाकर्मियों की तैनाती ने इस धारणा को और मजबूत किया है कि नरेंद्र मोदी सरकार चुनाव आयोग की आलोचना को अपनी सत्ता के लिए चुनौती मानती है। सरकार का खुद को संवैधानिक रूप से स्वतंत्र संस्था के साथ इस तरह जोड़कर देखना बेहद चिंताजनक है। चुनाव आयोग न तो कार्यपालिका का कोई हिस्सा है और न ही सत्ताधारी पार्टी के प्रति जवाबदेह कोई प्रशासनिक विभाग। इसकी स्वतंत्रता एक जरूरी सुरक्षा कवच है जो यह सुनिश्चित करती है कि राजनीतिक सत्ता का इस्तेमाल करने वाले लोग उन हालात में हेरफेर न कर सकें जिनके तहत वह सत्ता दोबारा हासिल की जाती है। जब सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ शिकायतों को दूर करने के बजाय उन्हें सार्वजनिक जवाबदेही से बचाने के लिए ज्यादा तत्पर दिखती है, तो संस्थागत अंतर खतरनाक रूप से धुंधला हो जाता है। ज्ञानेश कुमार को हटाने का संसदीय रास्ता बेहद मुश्किल साबित हुआ है। अनुच्छेद 324(5) मुख्य चुनाव आयुक्त को सर्वोच्च न्यायालय के जज के बराबर सुरक्षा देता है। उन्हें हटाने के लिए एक कठिन संसदीय प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है जिसमें विशेष बहुमत की जरूरत होती है, जिससे विपक्ष के अलावा बड़े पैमाने पर समर्थन के बिना सफलता लगभग असंभव हो जाती है। वह संवैधानिक सुरक्षा इसलिए बनाई गई थी ताकि चुनावी स्वतंत्रता में कार्यपालिका का मनमाना दखल रोका जा सके। इसका मकसद कभी भी असंवैधानिक कामकाज या प्रशासनिक गड़बड़ी की न्यायिक जांच से छूट देना नहीं था। यह फर्क बहुत जरूरी है क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय सिर्फ अपनी खास शक्तियों का इस्तेमाल करके मुख्य चुनाव आयुक्त को नहीं हटा सकता। हटाने से जुड़े संवैधानिक नियम गंभीर संस्थागत संकट के समय भी लागू रहते हैं। फिर भी, न्यायपालिका के पास गैर–कानूनी फैसलों की जांच करने, असंवैधानिक प्रक्रियाओं को रद्द करने, संस्थागत जवाबदेही तय करने और यह पता लगाने का काफी अधिकार है कि क्या आयोग ने अपनी कानूनी शक्तियों से बाहर जाकर काम किया है। असरदार न्यायिक दखल की शुरुआत जरूरी नहीं कि हटाने के आदेश से ही हो। इसकी शुरुआत उन फैसलों की कड़ी जांच से होनी चाहिए जिन्होंने आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं। सर्वोच्च न्यायालय में हुई घटनाओं ने ऐसी जांच को जरूरी बना दिया है। ये आरोप कि ज्ञानेश कुमार ने बाकी दो चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना एसआईआर से जुड़े अहम फैसले लिए, सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया पर बुनियादी सवाल उठाते हैं। तीन सदस्यीय आयोग के भीतर मतभेदों की खबरों ने उन फैसलों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के लिए आधार दिया है जो कथित तौर पर एकतरफा लिए गए थे। अगर ये आरोप साबित हो जाते हैं, तो ये प्रशासनिक मतभेदों से कहीं ज्यादा गंभीर बात की ओर इशारा करेंगे। ये उन संस्थागत सुरक्षा उपायों के संभावित टूटने का संकेत देंगे जिनका मकसद चुनावी अधिकार को एक व्यक्ति के हाथों में केंद्रित होने से रोकना था। सर्वोच्च न्यायालय की 5 अक्टूबर की कार्रवाई में इन आरोपों की गंभीरता और बिना पक्के सुबूतों के कार्रवाई करने में न्यायपालिका की हिचकिचाहट, दोनों ही बातें दिखीं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने सिर्फ अखबारों की खबरों के आधार पर कुमार को निलंबित करने से इन्कार कर दिया। फिर भी, उसने आयोग और अन्य पक्षों से जवाब मांगा और संकेत दिया कि कानूनी जरूरतों के खिलाफ पाए गए फैसलों पर रोक लगाई जा सकती है या उन्हें रद्द किया जा सकता है। जल्दबाजी में सजा देने से इन्कार करने और सार्थक दखल से पीछे हटने के बीच का अंतर अब न्यायालय के नजरिए का आधार बनना चाहिए। तुरंत जरूरत इस बात की है कि आयोग के अंदरूनी रिकॉर्ड की पारदर्शी जांच हो, जिसमें विवादित फैसले, दर्ज आपत्तियां और एसआईआर को मंजूरी देने में अपनाई गई प्रक्रियाएं शामिल हों। न्यायिक जांच से यह पता चलना चाहिए कि क्या आयोग ने मिलकर काम किया, क्या अलग राय पर ठीक से विचार किया गया और क्या लाखों मतदाताओं पर असर डालने वाले फैसले संवैधानिक गारंटी के मुताबिक थे? जहां नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, वहां राजनीतिक नतीजों की परवाह किए बिना सुधार के आदेश दिए जाने चाहिए। नागरिकता पुष्टिकरण और मतदाता का निबंधन के बीच का रिश्ता एक और संवैधानिक पेंचीदगी पैदा करता है। सर्वोच्च न्यायालय ने पहले एसआईआर की जांच करते समय चुनावी ढांचे के अंदर योग्यता की जांच करने के आयोग के अधिकार को माना था, जिसमें नागरिकता से जुड़े सवाल भी शामिल थे। हालांकि, उस अधिकार को राष्ट्रीयता के बारे में अंतिम फैसला लेने की आम शक्ति नहीं समझा जाना चाहिए। मतदाता सूची से नाम हटाने से नागरिकता खत्म नहीं हो सकती, और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को इस बुनियादी कानूनी अंतर को धुंधला करने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। कोर्ट के पिछले नजरिए की आलोचना, जिसमें पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज वी. गोपाला गौड़ा की आपत्तियां भी शामिल हैं, पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

सपा सरकार में शिक्षकों और बेरोजगारों को मिलेगा न्याय : डॉ. मानसिंह यादव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। इलाहाबाद–झांसी स्नातक क्षेत्र से सपा प्रत्याशी डॉ. मानसिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में सपा सरकार बनने पर पुरानी पेंशन बहाल की जाएगी। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि



वित्तविहीन शिक्षकों की सेवा पुस्तिका, शिक्षामित्रों को समान कार्य समान वेतन और टीईटी की विसंगतियां दूर की जाएंगी। आंगनबाड़ी, आशा, अनुदेशक और ग्राम सेवकों के साथ भी न्याय होगा। उन्होंने कहा कि भर्ती कैलेंडर जारी कर नियमित भर्तियां की जाएंगी, पेपर लीक पर रोक लगेगी, एडवोकेट प्रोटेक्शन कानून लाया जाएगा और 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण का पालन होगा। डिप्टी सीएम के आरोपों पर उन्होंने कहा कि भाजपा मुद्दों की नहीं, नैरेटिव की राजनीति करती है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, यमुनापार महासचिव इंजी. जगदीश यादव, महानगर महासचिव रविन्द्र यादव एडवोकेट और रावेन्द्र उर्फ रवि मिश्रा आदि मौजूद रहे।

सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश महासचिव राजेश यादव का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के प्रदेश महासचिव राजेश प्रसाद यादव के बुधवार को प्रथम नगर आगमन पर



इलाहाबाद हाईकोर्ट में अधिवक्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। त्रिभुवन उपाध्याय बिल्डिंग में अधिवक्ताओं ने फूल–माला पहनाकर और अंगवस्त्रम भेंटकर उनका अभिनंदन किया। बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव राजेश प्रसाद यादव ने कहा कि मुझ जैसे सामान्य अधिवक्ता को अधिवक्ता समाज के हित में काम करने की जो बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसके लिए मैं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का हृदय से धन्यवाद और आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों और सम्मान के लिए वे हमेशा संघर्ष करते रहेंगे। स्वागत कार्यक्रम में शिवमूर्ति सिंह, शशांक कुमार, विनोद कुमार यादव, राम प्रवेश यादव, सीबी यादव, दिनेश यादव, तेज प्रकाश रवि प्रकाश यादव, शिव कुमार, यादव, सत्य देव शर्मा, रिशू भारतीय, अखिलेश, राहुल यादव, राजीव समेत सैकड़ों अधिवक्तागण मौजूद रहे।

पं रामचंद्र मिश्र मेमो पब्लिक स्कूल के प्रिंस ने राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीता पदक, सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। पं रामचंद्र मिश्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल झलवा के प्रिंस पाल ने राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पदक हासिल कर



प्रयागराज का मान बढ़ाया है। आरबीएसएम पब्लिक स्कूल, भोंडसी, गुरुग्राम (हरियाणा) में सीबीएसई की ओर से आयोजित राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में छह अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2026 तक संपन्न हुई जिसमें पं रामचंद्र मिश्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल झलवा, प्रयागराज के छात्र प्रिंस पाल (कक्षा–11जी) एवं समर पाल (कक्षा–9) ने राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और दोनों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । प्रिंस पाल (कक्षा–11जी) ने भार वर्ग (46ाह) में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विजेता बालक और अभिभावकों को सम्मानित किया है। पं रामचंद्र मिश्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल झलवा के निदेशक आकाश चन्द्र मिश्र एवं सुभाष चन्द्र मिश्र ने छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाये दी और बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव अतुल सिद्धार्थ तिवारी और कोच मृत्युंजय मिश्रा को बधाई दी है।

नवनीत कुमार गुप्ता ने संभाली प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक की कमान

प्रयागराज। प्रयागराज हवाई अड्डे पर मंगलवार को नवनीत कुमार गुप्ता ने पूर्णकालिक विमानपत्तन निदेशक के रूप में आधिकारिक तौर पर अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। प्रयागराज हवाई अड्डे पर मंगलवार को नवनीत कुमार गुप्ता ने पूर्णकालिक विमानपत्तन निदेशक के रूप में आधिकारिक तौर पर अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। बीआईटी सिंदरी से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने वाले नवनीत गुप्ता के पास विमानन (एविएशन) क्षेत्र का लंबा और समृद्ध अनुभव है। वे अगस्त 2000 में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से जुड़े थे और उन्होंने कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट में अपनी सेवाएं दीं। इसके अलावा, उन्होंने वर्ष 2016 से 2022 के दौरान डिब्रूगढ़ और भुज हवाई अड्डों पर भी विमानपत्तन निदेशक के रूप में सफलतापूर्वक दायित्व निभाया है। यहां पदभार ग्रहण करने से पहले वह प्रयागराज स्थित सिविल एविएशन ट्रेनिंग कॉलेज में एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट के प्रशिक्षक और परीक्षक की भूमिका भी निभा रहे हैं।

नगर उत्तर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हनी, प्रदीप, आर्यन, आदित्य, जयसिंह और अमित प्रकाश ने मारी बाजी

''लगभग 500 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में हुई प्रतियोगिताएं''

प्रातःकाल एक्सप्रेस

''प्रयागराज।'' मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित नगर उत्तर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लगभग 500 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। केपी इंटर कॉलेज के मुख्य संयोजन में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं मुख्य संयोजक डॉ. योगेंद्र सिंह ने किया। प्रतियोगिता में अंडर–14, अंडर–17 और अंडर–19 वर्ग के खिलाड़ियों ने विभिन्न दौड़ एवं फील्ड स्पर्धाओं में हिस्सा लिया।

अंडर–17 बालक वर्ग की 800 मीटर दौड़ में हनी सिंह प्रथम, सुजीत कुमार द्वितीय और अजीत कुमार तृतीय रहे। 400 मीटर में प्रदीप राजभर प्रथम, हनी सिंह द्वितीय और शिवम कुमार तृतीय रहे। 1500 मीटर में सुजीत कुमार प्रथम, अर्जुन भारतीय द्वितीय और अजीत कुमार तृतीय रहे। 100 मीटर में आर्यन कुमार प्रथम, शिवम पटेल द्वितीय और अजीत कुमार तृतीय रहे। गोला फेंक में आदित्य कुमार प्रथम, अंश शुक्ल द्वितीय और नितिन कुमार तृतीय स्थान पर रहे। अंडर–19 बालक वर्ग की 800 मीटर दौड़ में लालमोहर प्रथम, रुद्र चौरसिया द्वितीय और जयसिंह तृतीय रहे। 200 मीटर में विशाल प्रथम, करण दिवाकर द्वितीय और विशाल पटेल तृतीय रहे। 1500 मीटर में आर्यन गिरीश प्रथम, अंकित द्वितीय और दुर्गेश तृतीय रहे। 100 मीटर में जयसिंह प्रथम, करण दिवाकर द्वितीय और करण कुमार तृतीय रहे। 400 मीटर में अमित प्रकाश प्रथम, करण कुमार द्वितीय और आर्य गिरी तृतीय रहे। गोला फेंक में उज्ज्वल मिश्रा प्रथम, रिशु सिंह द्वितीय और अभय श्रीवास्तव तृतीय रहे। अंडर–14 बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में सुमित कुमार प्रथम, अर्जुन दिवाकर द्वितीय और अंश यादव तृतीय रहे। 200 मीटर में सुमित कुमार प्रथम, नैतिक पटेल द्वितीय और मोहम्मद शाहबाज अली तृतीय रहे। लंबी कूद में शांतनु प्रथम, आयुष यादव द्वितीय और मोहम्मद शाहबाज तृतीय रहे। 100 मीटर में अर्जुन दिवाकर प्रथम, नैतिक पटेल



द्वितीय और मोहम्मद शाहबाज तृतीय रहे।

''बालिका वर्ग में भी खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम''

अंडर–17 बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सीता प्रथम, नैंसी पटेल द्वितीय और मिस्टी मिश्रा तृतीय रहीं। 200 मीटर में आरूषी कुमारी प्रथम, छवि राय द्वितीय और पायल निषाद तृतीय रहीं। 800 मीटर में शोभा प्रथम, निधि द्वितीय और सीता तृतीय रहीं। 1500 मीटर में शोभा प्रथम, निधि द्वितीय और अंजली पांडेय तृतीय रहीं।

अंडर–19 बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में जैस्मिन प्रथम, कोमल द्वितीय और स्टेप फातिमा तिर्की तृतीय रहीं। 200 मीटर में मुस्कान प्रथम, शिवांगी वर्मा द्वितीय और निष्ठा शुक्ल तृतीय रहीं। 400 मीटर में प्राची वर्मा प्रथम, दीक्षा द्वितीय और आस्था सिंह तृतीय रहीं। 800 मीटर में प्राची वर्मा प्रथम, मुस्कान द्वितीय और अंकित यादव तृतीय रहे। 1500 मीटर में प्राची वर्मा प्रथम, वैष्णवी द्वितीय और आस्था सिंह तृतीय रहीं। अंडर–14 बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में आरोही सोनकर प्रथम, कसब बानो द्वितीय और करीना तृतीय रहीं। 200 मीटर में वर्षा प्रथम, अनन्या द्विवेदी द्वितीय और कसब बानो तृतीय रहीं। 400 मीटर में अनन्या द्विवेदी प्रथम, सिमरन द्वितीय और मानसी यादव तृतीय रहीं। 600 मीटर दौड़ में वर्षा प्रथम, नैंसी पटेल द्वितीय और आरूषी कुमारी तृतीय रहीं।

''अनुशासन और परिश्रम से मिलती है सफलता''

मुख्य अतिथि डॉ. योगेंद्र सिंह ने कहा कि एथलेटिक्स में समय का महत्व, अनुशासन और कठिन परिश्रम सफलता की आधारशिला हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि "सबसे आगे, सबसे पहले और सबसे तेज" का लक्ष्य लेकर चलने वाले खिलाड़ी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर विकर पब्लिक स्कूल की उपप्रधानाचार्या तथा उप क्रीड़ा अधिकारी सत्येंद्र कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता उमेश कुमार खरे ने किया। आयोजन को सफल बनाने में रविंद्र मिश्रा, अरुण पांडेय, अश्विनी यादव, ऋषि, कुलदीप सिंह, डॉ. अंजना सिंह, अंकिता, नवाब खान, श्रद्धा, राजपाल यादव, जगदीश, नितिन पटेल और सनी पांडेय सहित अनेक शिक्षकों एवं सहयोगियों का योगदान रहा। तकनीकी संचालन एवं व्यवस्थाओं में ओ. पी. सिंह, सर्वेंद्र यादव और रविशंकर ने सहयोग किया।

विकास, स्थायित्व – रोजगार के लिए करें भाजपा के पक्ष में मतदान : अशोक राठौर

सीएम के कार्यक्रम स्थल को देखा, दो दर्जन विद्यालयों में मतदाताओं से मिलकर पक्ष में किया मतदान की अपील

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। इलाहाबाददृ झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर आज प्रयागराज में थे। वह प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के राजकीय मुद्रणालय में गुरूवार को होने वाली रैली की तैयारियों का निरीक्षण किया और फिर चुनाव प्रचार में जोरशोर से लग गये।

भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर ने आज दो दर्जन विद्यालयों और क्षेत्र में संपर्क कर विकास, स्थायित्व और रोजगार के लिए लोगों से मतदान की अपील भाजपा के लिए करने की मांग किया।

भाजपा प्रत्याशी अशोक राठौर ने सिविल लाइंस स्थित हिन्दू महिला विद्यालय, विक्रमादित्य सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज और प्रयागराज के सिकंदरा स्थित राधा रमन मिश्रा पीजी कॉलेज में स्नातक एमएलसी मतदाताओं से भेंट कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में



आगामी 23 अक्टूबर को होने वाले प्रथम वरीयता के मतपत्र पर अशोक कुमार राठौर के नाम के सामने निर्धारित स्थान पर एक अंकित कर अपना मतदान की मांग किया।

इलाहाबाददृझाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर ने प्रयागराज के सिकंदरा क्षेत्र स्थित तीरथ मिश्रा इंटरमीडिएट कॉलेज, बहरिया क्षेत्र स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज में स्नातक एमएलसी मतदाताओं से मतदान की अपील किया है। भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर ने रामकिशोर साहू एवं अशोक राजपूत के साथ इलाहाबाददृ झांसी खंड स्नातक एमएलसी निर्वाचन के दृष्टिगत मतदान संबंधी तैयारियों, पोलिंग बस्तों के प्रबंधन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा कर संबंधित कार्यकर्ताओं से बातचीत कर जरुरी दिशा निर्देश दिया।

राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए वाईसीएससी के छह खिलाड़ी चयनित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। पंजाब के पटियाला स्थित सुशीला देवी पब्लिक स्कूल में 15 से 21 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली सीबीएसई राष्ट्रीय एथलेटिक्स चौंपियनशिप के लिए वाईएमसीए सेंटेनरी



स्कूल एवं कालेज (वाईसीएससी) के छह खिलाड़ियों का चयन किया गया है। खिलाड़ियों के चयन से विद्यालय में खुशी का माहौल है।

विद्यालय की प्रधानाचार्य रीमा मसीह के अनुसार चयनित खिलाड़ियों में त्रिपर्णा दत्ता, श्रीपर्णा दत्ता, माही सिंह, अनन्या श्रीवास्तव, प्रिंस यादव और सुंदरम यादव शामिल हैं। सभी खिलाड़ी अंडर–19 वर्ग में प्रतिभाग करेंगे।

त्रिपर्णा दत्ता 200 और 400 मीटर दौड़, 4 गुणे 100 मीटर तथा 4 गुणे 400 मीटर रिले में प्रतिभाग करेंगी। श्रीपर्णा दत्ता 800 मीटर दौड़ और 4 गुणे 100 मीटर व 4 गुणे 400 मीटर रिले में हिस्सा लेंगी। माही सिंह 400 गुणे 4 मीटर और 100 गुणे मीटर रिले स्पर्धाओं में भाग लेंगी। अनन्या श्रीवास्तव भी 4 गुणे 400 मीटर और 4 गुणे 100 मीटर रिले में प्रतिभाग करेंगी। प्रिंस यादव 1500 मीटर दौड़, जबकि सुंदरम यादव तीन किलोमीटर दौड़ में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। विद्यालय के निदेशक एच. वाटर्स और समस्त स्टाफ सदस्यों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

चौकीदारों को मिली वर्दी समेत पांच सामग्री

प्रयागराज। थाना परिसर में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने करीब 40 चौकीदारों को जूता, धोती, साफा, वर्दी और स्वेटर वितरित किया। हालांकि, सामग्री मिलने के बाद भी ग्राम प्रहरियों में मानदेय को लेकर नाराजगी दिखी। शासन ने उनका मानदेय ढाई हजार रुपये से बढ़ाकर साढ़े तीन हजार रुपये प्रतिमाह किया है। चौकीदारों ने इसे नाकाफी बताया और मानदेय बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की। उनका कहना है कि महंगाई के दौर में इतने कम मानदेय से परिवार चलाना मुश्किल है। ग्राम प्रहरियों ने अपने परिजनों को पांच लाख रुपये तक कैशलेस उपचार की सुविधा दिए जाने का स्वागत किया। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि उपलब्ध सामग्री वितरित कर दी गई है।

स्त्री केवल सहनशीलता का प्रतीक नहीं, सृजन और संकल्प का रूप भी है – डॉ. रीता सिंह

इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और स्वाभिमान से बनाई सफलता की पहचान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में स्त्री रोग विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत डॉ. रीता सिंह का जीवन संघर्ष, संकल्प और सफलता की प्रेरक मिसाल है। उनका मानना है कि कठिनाइयां जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन लक्ष्य के प्रति समर्पण और स्वयं पर विश्वास रखकर हर चुनौती का सामना किया जा सकता है। डॉ. रीता सिंह को बचपन से स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने इन्हें अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। परिवार के सहयोग, पिता के विश्वास, मां के स्नेह और भाइयों के मार्गदर्शन ने उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उनका जीवनमंत्र रहाकृपढ़ना है और कुछ बनना है।

डॉ. रीता सिंह का कहना है कि जीवन में सबसे पहले लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी है। जब दिशा स्पष्ट होती है, तो रास्ते निकलने लगते हैं। इच्छाशक्ति को सबसे बड़ी ताकत बताते हुए वह कहती हैं कि जब तक मनुष्य स्वयं हार नहीं मानता, तब तक उसे कोई हरा नहीं सकता। नवरात्रि के पर्व से उनका विशेष जुड़ाव है। वह इसे उमंग, उत्साह और ऊर्जा का उत्सव मानती हैं। उनके अनुसार, नवदुर्गा की आराधना यह संदेश देती है कि शक्ति के बिना सृष्टि अधूरी है और स्त्री के भीतर असीम शक्ति निहित है।

डॉ. रीता सिंह का मानना है कि महिलाओं को अपनी पहचान और स्वाभिमान के प्रति जागरूक होना चाहिए। आत्मविश्वास और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने वाली महिलाएं समाज में अपनी अलग पहचान बना सकती हैं। वह कहती हैं कि स्त्री केवल सहनशीलता का प्रतीक नहीं, बल्कि सृजन और संकल्प का रूप भी है।

चिकित्सा सेवा के साथ–साथ डॉ. रीता सिंह शिक्षण कार्य में भी योगदान देती हैं और विद्यार्थियों के बीच प्रेरणादायक व्याख्यान देती हैं। वह बच्चों को संदेश देती हैं कि सफलता केवल डिग्री से नहीं, बल्कि अच्छे व्यवहार, आत्मानुशासन और निरंतर प्रयास से मिलती है। विशेष रूप से ग्रामीण और सामान्य पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को वह बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित करती हैं।

डॉ. रीता सिंह का जीवन युवा पीढ़ी को यह संदेश देता है कि बीमारी, आर्थिक सीमाएं और सामाजिक चुनौतियां लक्ष्य की राह में बाधा जरूर बन सकती हैं, लेकिन मजबूत इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और निरंतर मेहनत से आगे बढ़ा जा सकता है। उनका मानना है कि आत्मसम्मान और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की सच्ची कुंजी हैं।

चिल्ड्रेन अस्पताल निर्माण में लापरवाही पर फर्म ब्लैकलिस्ट, 55 लाख सिक्योरिटी जब्त

प्रयागराज। प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय परिसर में बच्चों के अस्पताल के निर्माण में लापरवाही के मामले में शासन ने सख्त रुख अपनाया है। निर्माण कार्य से जुड़ी फर्म का अनुबंध निरस्त कर उसे पांच साल के लिए काली सूची में डाल दिया गया है। साथ ही 55 लाख रुपये की सिक्योरिटी भी जब्त की गई है। मामले में जिम्मेदार अभियंताओं के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की गई है। स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय परिसर में प्रस्तावित चिल्ड्रेन अस्पताल के निर्माण में लापरवाही के मामले में शासन ने कार्रवाई की है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी संभाल रही फर्म का अनुबंध निरस्त कर उसे पांच साल के लिए काली सूची में डाल दिया गया है। इसके साथ ही फर्म की 55 लाख रुपये की सिक्योरिटी भी जब्त कर ली गई है। मामले में तत्कालीन मुख्य अभियंता केजी दुबे, अधीक्षण अभियंता राजेश चौधरी, अधिशासी अभियंता मनीष कुमार श्रीवास्तव और सहायक अभियंता धर्मशंकर त्रिपाठी के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की गई है। चिल्ड्रेन अस्पताल का निर्माण बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा था। परियोजना में देरी और निर्माण संबंधी शिकायतों के बाद मामले की जांच कराई गई। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर फर्म के खिलाफ कार्रवाई की गई।

असोथर में सामूहिक विवाह समारोह, 205 जोड़ों ने लिए सात फेरे

विधायक विकास गुप्ता समेत जनप्रतिनिधियों ने नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

असोथर/फतेहपुर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बुधवार को नगर पंचायत असोथर स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज के मैदान में भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 205 जोड़े विवाह के पवित्र बंधन में बंधे। एक ही परिसर में विवाह की रस्में पूरी होने से माहौल उत्सवमय रहा। नवविवाहित



जोड़ों के परिजनों में भी खासा उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विकास गुप्ता सहित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देकर सुखमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस योजना का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह संपन्न कराकर उन्हें सामाजिक और आर्थिक संबल प्रदान करना है। समारोह में मौजूद लोगों ने नवदंपतियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में असोथर के साथ बहुआ और फतेहपुर क्षेत्र से जुड़े लोगों की भी उपस्थिति रही। सामूहिक विवाह आयोजन ने सामाजिक समरसता और आपसी सहयोग का संदेश दिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर, खंड विकास अधिकारी रत्नाकर त्रिपाठी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, निर्मल सिंह, विमल अग्रहरि, अनिल राज गुप्ता, विनोद गुप्ता, अनुराग मिश्रा और विनोद भारतीय समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

नम आंखों से हेड कांस्टेबल अभिषेक त्रिपाठी को दी गई अंतिम विदाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

असोथर/फतेहपुर। कन्नौज में पूर्व भाजपा सांसद सुब्रत पाठक के स्कॉर्ट वाहन के सड़क हादसे में जान गंवाने वाले असोथर निवासी हेड कांस्टेबल अभिषेक त्रिपाठी का बुधवार सुबह अंतिम संस्कार किया गया। नगर पंचायत असोथर स्थित उनके आवास के पास खेतों में बने पूर्वजों के समाधि स्थल पर छोटे भाई आशीष



त्रिपाठी ने मुखाग्नि दी। अंतिम विदाई के दौरान परिजनों और कस्बे के लोगों की आंखें नम रहीं। अभिषेक त्रिपाठी का शव मंगलवार देर रात करीब दो बजे पुलिस की अभिरक्षा में कन्नौज से असोथर लाया गया था। बुधवार सुबह जिला मुख्यालय से पहुंची पुलिस की सलामी टीम ने उन्हें अंतिम सलामी दी। इस दौरान असोथर थाना प्रभारी राजीव मिश्रा और जरौली चौकी प्रभारी राकेश शर्मा पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। अंतिम संस्कार में पुलिस विभाग के किसी वरिष्ठ अधिकारी के नहीं पहुंचने पर लोगों ने नाराजगी जताई। उनका कहना था कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले पुलिसकर्मी को श्रद्धांजलि देने के लिए विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को भी मौजूद रहना चाहिए था। अभिषेक त्रिपाठी अपने पीछे मां शकुन्तला त्रिपाठी, पत्नी गुड़िया त्रिपाठी और चार वर्षीय बेटी प्रतीक्षा त्रिपाठी को छोड़ गए हैं। उनके निधन से परिवार में मातम पसरा है। अंतिम संस्कार में पहुंचे लोगों ने दिवंगत हेड कांस्टेबल को श्रद्धांजलि देते हुए शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

मिशन शक्ति के तहत मेधावी छात्रा शालू द्विवेदी बनीं एक दिन की हेड टीचर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

असोथर/फतेहपुर। मिशन शक्ति फेज–6 के तहत बालिका सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए परिषदीय विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में असोथर विकासखंड के सिधांव विद्यालय की मेधावी छात्रा शालू द्विवेदी को एक दिन का हेड टीचर बनाया गया। इस दौरान



उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का संचालन किया और शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्या के निर्देशन और खंड शिक्षा अधिकारी गौरव मिश्र के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना है। एक दिन की विद्यालय प्रमुख बनी छात्राओं ने अभिलेखों के रखरखाव, शैक्षणिक व्यवस्था के निरीक्षण और शिक्षकों व विद्यार्थियों से संवाद जैसी गतिविधियों में हिस्सा लिया। सिधांव विद्यालय की प्रधानाध्यापक वसुंधरा सिंह ने बताया कि शालू द्विवेदी शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। इस पहल से छात्राओं को अपनी प्रतिभा पहचानने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर मिलता है। खंड शिक्षा अधिकारी गौरव मिश्र के मार्गदर्शन में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय असोथर सहित घाटमपुर, मवइया, प्रेममऊ कटरा, लिलरा, हरनवा, मैकुवापुर, सिधांव, ललौली, कैंथनपुर, जमेनी और कीर्तिखेड़ा के विद्यालयों में भी मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बलशाली राजाओं से न टूटा शिवधनुष, श्रीराम ने पलभर में किया भंग

धनुष यज्ञ में टूटा शिवधनुष, श्रीराम के जयकारों से गूंजा रामलीला परिसर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। श्रीरामलीला कमेटी मंझनपुर के तत्वावधान में चल रही रामलीला में धनुष यज्ञ लीला का भव्य मंचन किया गया। भगवान श्रीराम द्वारा शिवधनुष भंग करते ही पूरा रामलीला परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। लीला देखने के लिए नगर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

मंचन के दौरान राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता के स्वयंवर का आयोजन किया। स्वयंवर में देश–विदेश से आए अनेक बलशाली राजाओं ने भगवान शिव के विशाल धनुष को उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी उसे हिला तक नहीं सका। राजाओं की असफलता के बाद जनक की



चिंता और निराशा का भाव देखकर दर्शक भावुक हो उठे। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम ने शिवधनुष को सहजता से उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास किया। इसी दौरान धनुष भंग हो गया। धनुष टूटते ही रामलीला परिसर तालियों और जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद श्रीराम और सीता के विवाह की भूमिका का मंचन किया गया। धनुष भंग की लीला के दौरान परशुराम के आगमन और लक्ष्मण–परशुराम संवाद ने दर्शकों में विशेष उत्साह पैदा किया। कलाकारों के प्रभावशाली संवाद और अभिनय पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि रामलीला का उद्देश्य भगवान श्रीराम के आदर्शों और मर्यादा का संदेश जन–जन तक पहुंचाना है। देर रात तक दर्शक लीला का आनंद लेते रहे। इस अवसर पर श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष आशीष केशरवानी उर्फ बच्चाभाई, महामंत्री पंकज शर्मा,उपाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, रिंकू केसरवानी, मंत्री सुनील श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सोनालाल, अजय वर्मा, रोहित गुप्ता, सुशील केसरवानी, अवधेश त्रिपाठी, संदीप केसरवानी, मुकुन्दी सहित नगर के संभ्रांत नागरिक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

नाटक के जरिए बच्चों ने दिया स्वच्छता और संचारी रोगों से बचाव का संदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बुधवार को कड़ा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय हिसामपुर परसखी में स्वच्छता और संचारी रोगों से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों ने नाटक के माध्यम से साफ–सफाई का महत्व बताते हुए लोगों को बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया।

नाटक के माध्यम से बच्चों ने बताया कि घर और आसपास गंदगी जमा नहीं होने देनी चाहिए। नालियों की नियमित सफाई करने के साथ ही कहीं भी गंदा पानी इकट्ठा नहीं होने देना चाहिए। बच्चों ने डेंगू जैसी गंभीर बीमारी के कारणों और उससे बचाव के उपायों को अभिनय के जरिए प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने स्वच्छ वातावरण बनाए रखने, पानी को ढककर रखने और मच्छरों को पनपने से रोकने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के साथ ही समाज में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना रहा।

इस अवसर पर शिक्षिका माया सिंह ने बच्चों को संचारी रोगों के कारण, उनके लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं शिक्षिका रिया सेठी ने नाटक में



बच्चों के अभिनय को जीवंत बनाने और प्रस्तुति को प्रभावशाली बनाने में सहयोग किया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामकृष्ण साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, विद्यालय और आसपास के वातावरण को साफ रखना चाहिए। उन्होंने बच्चों से सीखी गई बातों को अपने परिवार और आसपास के लोगों तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति से समाज को मिल रही नई दिशा, बच्चों ने एकांकी के जरिए दिया महिला सशक्तीकरण का संदेश

''मॉडल स्कूल कटरा गुलाब सिंह के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की `सशक्त बेटी, सशक्त समाज' एकांकी, जिलाधिकारी ने ट्रॉफी देकर किया सम्मानित''

प्रातःकाल एक्सप्रेस

''प्रतापगढ़।'' शासन की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति फेज–6 के तहत 14 अक्टूबर को पुलिस लाइन प्रतापगढ़ में महिला सशक्तीकरण पर आधारित भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के विद्यार्थियों ने 'सशक्त बेटी, सशक्त समाज' एकांकी का मंचन कर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय सहित अपर पुलिस अधीक्षक बृजनंदन राय, अपर पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार, सीओ आशुतोष मिश्र, सीओ रानीगंज प्रशांत राय समेत अन्य अतिथियों का विद्यालय के बच्चों ने स्वागत किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने महिला सशक्तीकरण और मिशन शक्ति की थीम पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

विकासखंड मान्धाता के मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के विद्यार्थियों ने एकांकी के माध्यम से बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। प्रस्तुति में अलिशबा नाज, फरहा नाज, नंदिनी पाल, शिवांगी मिश्रा, रुखसार बानो, शुभी अग्रहरि, मोहम्मद फरदीन, आयुष यादव और अनुष यादव ने प्रतिभाग किया।

जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों और शिक्षक को किया सम्मानित

एकांकी की प्रस्तुति के लिए जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने विद्यालय के बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं, राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मोहम्मद फरहीम को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया।

इसके अलावा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, साकेत इंटर कॉलेज और ज्योति इंटर कॉलेज किशुनपुर के विद्यार्थियों ने भी महिला सशक्तीकरण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे मिशन शक्ति के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों और उनके शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के समापन पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन में मिशन शक्ति कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती मीनाक्षी पांडेय और हेड कांस्टेबल गौरव कुमार सिंह का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन उपनिरीक्षक सुश्री दीपिका सिंह ने किया।

जिलाधिकारी ने MLC मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का किया निरीक्षण एवं दिये महत्वपूर्ण निर्देश

अनुपस्थित मतदान कार्मिक 15 अक्टूबर को प्रशिक्षण प्राप्त कर लें अन्यथा होगी FIR –जिलाधिकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। जनपद में उत्तर प्रदेश विधानसभा खंड लखनऊ स्नातक एवं शिक्षक चुनाव 2026 को पारदर्शी, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल ढंग सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अभिषेक पांडे एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकार राम मोहन मीणा ने संयुक्त रूप से मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल क्षेत्रीय ग्रामीण विकास संस्थान अफीम कोठी का औचक निरीक्षण



किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पांडे ने पीठासीन और मतदान अधिकारी प्रथम से निर्वाचन सम्बन्धी प्रश्न पूछे, चौलेंज वोट और टेंडर वोट के बारे में पूछा एवं अन्य जानकारियां ली । उन्होने मतदान कार्मिकों से प्रश्न पूछे कि मत पत्र लेखा कैसे तैयार किया जाता है, पीठासीन अधिकारी की डायरी क्या होती है और कैसे भरी जाती है आदि महत्वपूर्ण प्रश्न किये। उन्होने मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया कि गम्भीरता पूर्वक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, जो कुछ शंका हो उसका समाधान अपने मास्टर ट्रेनर से कर लें। उन्होने मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि मतदान कार्मिकों को गम्भीरतापूर्वक एवं अच्छे से प्रशिक्षण दें ताकि निर्वाचन की प्रक्रिया को मतदान कार्मिक अच्छे से समझकर जनपद में इस चुनाव को सकुशल सम्पन्न करायें। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया है कि जो भी मतदान कार्मिक किसी कारण बस अभी तक प्रशिक्षण नही प्राप्त किये है वह दिनांक 15 अक्टूबर 2026 को प्रातः 10रू00 बजे से अफीम कोठी प्रतापगढ़ में प्रथम पाली में प्रशिक्षण प्राप्त कर ले अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

प्रशिक्षण में सुपर मास्टर ट्रेनर्स के रूप में डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मोहम्मद अनीस एवं धर्मेन्द्र ओझा रहे तथा टेक्निकल मास्टर ट्रेनर शिवपाल रहे । इस प्रशिक्षण में सामान्य प्रशिक्षण सम्बन्धित विशेष विन्दुओं जैसे पीठासीन के कार्य, कितने प्रकार के लिफाफे जमा करते है, , टेण्डर वोट क्या है, चौलेन्ज वोट क्या है, आदि पर पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया गया जिसमें निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू से लेकर अंत तक दिखाई गई और निर्वाचन आयोग के नये अपडेट्स के बारे में बताया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेमचंद मौर्य, जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक अशोक आर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, आईटीआई कुण्डा प्रधानाचार्य रूपेश शुक्ला, संतोष पांडे प्राचार्य अफीम कोठी सहित खंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मणपुर सुरेश कुमार, रणवीर,सत्य प्रकाश प्रजापति, स्टेनो, जयप्रकाश प्रजापति क्वालिटी कोऑर्डिनेटर और प्रशिक्षु कार्मिक उपस्थित रहे।

एसपी ने जनसुनवाई कर सुनीं फरियादियों की समस्याएं

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं



सुनीं। इस दौरान विभिन्न शिकायतों को सुनते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उनके गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को राहत दिलाई जाए। जनसुनवाई का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

मिशन शक्ति से समाज को मिल रही नई दिशा, बच्चों ने एकांकी के जरिए दिया महिला सशक्तीकरण का संदेश

''मॉडल स्कूल कटरा गुलाब सिंह के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की `सशक्त बेटी, सशक्त समाज' एकांकी, जिलाधिकारी ने ट्रॉफी देकर किया सम्मानित''

प्रातःकाल एक्सप्रेस

''प्रतापगढ़।'' शासन की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति फेज–6 के तहत 14 अक्टूबर को पुलिस लाइन प्रतापगढ़ में महिला सशक्तीकरण पर आधारित भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के विद्यार्थियों ने 'सशक्त बेटी, सशक्त समाज' एकांकी का मंचन कर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय सहित अपर पुलिस अधीक्षक बृजनंदन राय, अपर पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार, सीओ आशुतोष मिश्र, सीओ रानीगंज प्रशांत राय समेत अन्य अतिथियों का विद्यालय के बच्चों ने स्वागत किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने महिला सशक्तीकरण और मिशन शक्ति की थीम पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया।





विकासखंड मान्धाता के मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के विद्यार्थियों ने एकांकी के माध्यम से बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। प्रस्तुति में अलिशबा नाज, फरहा नाज, नंदिनी पाल, शिवांगी मिश्रा, रुखसार बानो, शुभी अग्रहरि, मोहम्मद फरदीन, आयुष यादव और अनुष यादव ने प्रतिभाग किया।

''जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों और शिक्षक को किया सम्मानित''

एकांकी की प्रस्तुति के लिए जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने विद्यालय के बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं, राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मोहम्मद फरहीम को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, साकेत इंटर कॉलेज और ज्योति इंटर कॉलेज किशुनपुर के विद्यार्थियों ने भी महिला सशक्तीकरण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे मिशन शक्ति के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों और उनके शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम के समापन पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन में मिशन शक्ति कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती मीनाक्षी पांडेय और हेड कांस्टेबल गौरव कुमार सिंह का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन उपनिरीक्षक सुश्री दीपिका सिंह ने किया।

भदोही पुलिस ने महिलाओं को अधिकारों और सुरक्षा की जानकारी दी

मिशन शक्ति के तहत हेल्पलाइन नंबर और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं के लिए जागरूकता अभियान चलाया है। इस दौरान उन्हें सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के बारे में बताया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी और अपर



पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के निर्देश पर एंटी रोमियो टीमों ने सार्वजनिक जगहों, बाजारों और शिक्षण संस्थानों के पास महिलाओं से बात की। उन्हें कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। छेड़छाड़, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से बचने के उपाय भी बताए गए। किसी भी समस्या में बिना डरे पुलिस से संपर्क करने को कहा गया। 1090, 112, 181, 1076 और 1098 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई और पंपलेट बांटे गए। इस अभियान का मकसद महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, सुरक्षित माहौल देना और महिला अपराधों को रोकना है। भदोही पुलिस महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है।

काशी में दिखा दक्षिण और उत्तर भारत की सांस्कृतिक एकता का संगम, शास्त्रीय नृत्यों ने मोहा मन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। महामना की बगिया में बुधवार को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिला। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के महामना सभागार में मोक्ष सदन एंड



चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित काशी गंगा गोदावरी सांस्कृतिक समागम–2026 में देश की विविध सांस्कृतिक विरासत को नृत्य और संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाराजकुमारी कृष्णप्रिया तथा विशिष्ट अतिथियों ने महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। संस्था की अध्यक्षा वी. उषा रानी ने कहा कि समागम का उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय कलाओं के संरक्षण के साथ सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देना है। आंध्र प्रदेश से आए कलाकारों ने कुचिपुड़ी और भरतनाट्यम की आकर्षक प्रस्तुतियों से सभागार को भक्तिमय बना दिया। गणेश पंचरत्नम, माहेश्वरी महाकाली, अम्बा परमेश्वरी और भो शम्भो जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। वाराणसी की छात्राओं ने शिव स्तुति और श्रीकृष्ण वंदना के जरिए उत्तर भारतीय सांस्कृतिक परंपरा की झलक प्रस्तुत की। आयोजन में मंदिरों के अर्चक, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। संयोजक ओंकारनाथ बापुली और गरिमल रामकृष्णा सहित संस्था के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन चक्रवर्ती विजय नावड ने किया।

डॉ. सुनीता चंद्रा को कर्मयोगिनी सम्मान, प्रशासनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो का मिला गौरव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ की कुलसचिव डॉ. सुनीता चंद्रा को प्रशासनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए वर्ष 2026 के कर्मयोगिनी सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पूर्वांचल पोस्ट फाउंडेशन की ओर से प्रदान किया गया। संस्था की ओर से प्रशासन, शिक्षा, चिकित्सा, समाजसेवा, खेल और राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाता है। डॉ. सुनीता चंद्रा को यह सम्मान उनके प्रशासनिक अनुभव और कार्यों के लिए दिया गया। डॉ. सुनीता चंद्रा ने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में उपकुलसचिव के रूप में कार्य किया। इसके बाद डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में कुलसचिव का दायित्व संभाला। वर्तमान में वह सारनाथ स्थित केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान में कुलसचिव के पद पर कार्यरत हैं। इस उपलब्धि पर संस्थान के सदस्यों सहित अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्याः- 24-विद्युत/सा0/प्रयागराज/2627 दिनांक-13.10.2026

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक-04.11.2026 समय 15:00 बजे तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है -

निविदा सूचना संख्या : ELG-57-2627	काम की लागत (रु में) : 96,55,651.15
कार्य का नाम : माघ मेला 2026-27 के दौरान यात्रियों की सुविधाओं की जरूरतों के साथ-साथ संगम क्षेत्र, NYN, PCOI, PRYJ, SFG और BDL में अंदरूनी अस्थायी लाइटिंग की व्यवस्था करना।	
बिड सिक्योरिटी (रु. में) : 1,93,100.00	कार्य समाप्त करने की समयावधि : 04 माह
निविदा खुलने की तिथि : 04.11.2026, समय - 15:00 बजे।	

नोटः- उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज के साथ) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। 2336/26 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

पासी-पासवान शौर्य सम्मान यात्रा शुरू, समाज को इतिहास से जोड़ने का लक्ष्य

राजीव पासी ने प्रयागराज से 14 अक्टूबर को निकाली, जागरूकता और धरोहर संरक्षण भी उद्देश्य

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासी ने 14 अक्टूबर को प्रयागराज से पासी–पासवान शौर्य सम्मान यात्रा शुरू की। इसका मुख्य उद्देश्य समाज को गौरवशाली इतिहास से जोड़ना, सामाजिक जागरूकता फैलाना और ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण करना है।

स्वर्गीय रामविलास पासवान के श्उस घर में दिया जलानेश के उद्देश्य से यह यात्रा पूरे उत्तर प्रदेश में पहुंचेगी। इसका लक्ष्य युवाओं को समाज के वीर राजाओं और पूर्वजों की संस्कृति से परिचित कराना है।

यात्रा का उद्देश्य पासी समाज को एकजुट करना भी है, ताकि अधिकारों की आवाज सरकार तक पहुंचाई जा सके। राजीव पासी ने कहा कि यह समाज केवल वोट बैंक नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक योद्धा कौम है। इस दौरान बच्चों को उच्च शिक्षा व नशामुक्ति का



संदेश दिया गया। उत्तरप्रदेश महासचिव कमल तिवारी ने भदोही बॉर्डर पर यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजीव पासी प्रदेश अध्यक्ष उत्तरप्रदेश महासचिव कमल तिवारी, प्रदेश संगठन महामंत्री धनंजय दुबे,आशुतोष सिंह गहरवार प्रदेश महासचिव, अवनीश तिवारी प्रदेश सचिव , जितेंद्र पासी प्रदेश महासचिव, रामविलास पासी प्रदेश सचिव, विजय राय मंडल अध्यक्ष मिर्जापुर,, राम अवध मिश्रा जिला अध्यक्ष भदोही, विजय पासी, कार्यवाहक अध्यक्ष भदोही गोविंद पासवान ,राहुल तिवारी, संतोष दुबे, अक्षय पासवान,अनिल पासी, अभिनव तिवारी, योगेश पांडेय, अमित मिश्रा, संतोष सरोज,धीरज चौबे,प्रदुम्न तिवारी, अमित शुक्ला, सहित सैकड़ों लोजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

मेगा ड्राइव: ककरह गांव में पात्रों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का अभियान जारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर ककरह गांव में मेगा ड्राइव चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य गांव के पात्र लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। अभियान के तहत घर–घर जाकर लाभार्थियों की पहचान की जा रही है।

अभियान के तहत अब तक 22 बच्चों का विद्यालयों में दाखिला कराया गया है, जबकि 35 स्कूल नहीं जा रहे बच्चों और उनके अभिभावकों को प्रेरित कर विद्यालय भेजा गया। इसके अलावा 30 लोगों के राशन कार्ड बनवाए गए, 35 के राशन कार्ड की केवाईसी कराई गई, 31 लोगों की वृद्धावस्था पेंशन, 12 की विधवा पेंशन और 22 पात्र लोगों के आवेदन कराए गए। वहीं, 19 लोगों को पीएम किसान



योजना से जोड़ने की प्रक्रिया की गई तथा 40 आयुष्मान कार्ड बनवाए गए। इसके अलावा 90 लोगों की केवाईसी प्रक्रिया पूरी कराई गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आनंद कुमार–11 ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल शिविर लगाना नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति की जरूरत पहचानकर उसे योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों के समन्वय से अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे।

अभियान में पैरालीगल स्वयंसेवक जय प्रकाश सरोज, दीप चन्द दुबे, पंकज कुमार और मुकेश कुमार सहयोग कर रहे हैं।

विधान परिषद चुनाव में निष्पक्षता सर्वोपरि, नियमों का करें पालन - डीएम

डीएम ने मतदान कार्मिकों को दिए निर्देश, प्रशिक्षण के बाद डीएम ने पूछे निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सवाल
मतपत्र और मतपेटी से होगा मतदान, अटल सभागार में पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी, 14 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन–2026 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रथम प्रशिक्षण आयोजित हुआ। डीएम अंजनी कुमार सिंह के निर्देशन में मास्टर ट्रेनरों ने निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रशिक्षण के बाद डीएम ने कार्मिकों से निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न सवाल–जवाब कर उनकी जानकारी और तैयारियों को परखा।

डीएम ने कहा कि निर्वाचन की शुचिता बनाए रखना प्रत्येक कार्मिक की जिम्मेदारी है। सभी नियमों का अक्षरशः पालन करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतें। सीडीओ योगानंद पाण्डेय ने सतर्कता, आपसी समन्वय और अभिलेखों के सही रखरखाव पर जोर देते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने को कहा।

मतदान प्रक्रिया की दी जानकारी

प्रशिक्षण में पीडी डीआरडीए सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मतदान मतपत्र और मतपेटी के माध्यम से एकल संक्रमणीय मत एवं आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत होगा। कार्मिकों को मतदाता पहचान, अमिट स्याही लगाने, मतपत्र जारी करने, वरीयता अंकन और मतदान की गोपनीयता बनाए रखने की प्रक्रिया समझाई गई। दृष्टिबाधित एवं अशक्त मतदाताओं को नियमानुसार सहायता देने के निर्देश भी दिए गए।

पीठासीन अधिकारियों को मतदान केंद्र की निगरानी और समस्या होने पर सेक्टर मजिस्ट्रेट को सूचना देने को कहा गया। प्रशिक्षण में मतदान अभिकर्ताओं की नियुक्ति, चुनौती मत एवं निविदत्त मत, वीडियोग्राफी, पीठासीन अधिकारी की डायरी और मतदान लेखा तैयार करने की जानकारी दी गई। मतदान समाप्ति पर मतपेटी को नियमानुसार सील करने तथा सभी अभिलेख और निर्वाचन सामग्री निर्धारित संकलन केंद्र पर जमा कराने के निर्देश दिए गए।

विधानसभा चुनाव-2027: ईवीएम-वीवीपैट की एफएलसी 12 अक्टूबर से शुरू

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2027 के प्रयोगार्थ ई0वी0एम0 / वी0वी0पैट की एफ0ए0एल0सी0 हेतु ग्राम–भिस्कुरी, जसोवर, मीरजापुर स्थित ई0वी0एम0 / वी0वी0पैट वेयर हाउस को दिनांक 12.10.2026 को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष / मंत्री तथा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में वीडियोग्राफी के तहत खोला गया एवं एफ0एल0सी0 के उपरान्त बन्द किया गया। दिनांक 12.10.2026 से अनवरत प्रतिदिन पूर्वाह्न 09.00 बजे से सायंकाल 07.00 बजे तक एफ0एल0सी0 का कार्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप उक्त स्थल पर सम्पन्न हो रहा है। समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष / मंत्री से अनुरोध है कि कृपया प्रतिदिन कार्य समाप्ति तक प्रातः 09.00 बजे से सायंकाल 07.00 बजे तक उक्त एफ0एल0सी0 स्थल पर स्वयं उपस्थित रहने अथवा अपने प्रतिनिधि को प्राधिकार पत्र सहित उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा और नेतृत्व पर विशेष कार्यक्रम आज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। अमृत एजुकेशनल एण्ड चौरिटेबल ट्रस्ट, प्रयागराज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आज प्रातः 11 बजे गयादीन विश्वकर्मा इण्टरमीडिएट कालेज, भिदिउरा, में 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत "सशक्त बेटियाँ, सशक्त राष्ट्र" थीम पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित विशेषज्ञों एवं अधिकारियों की उपस्थिति प्रस्तावित है। इनमें वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं समाजसेविका डॉ. अंकिता राज, उप निदेशक, कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश शिप्रा विश्वकर्मा, डॉ. पुनीता पाण्डेय, एसोसिएट प्रोफेसर, पर्यावरण विज्ञान केंद्र, इलाहाबाद विश्वविद्यालयय तथा डॉ. संतोष कुमार राय, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास एवं नेतृत्व क्षमता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें अपने अधिकारों और संभावनाओं के प्रति सशक्त बनाना है। उक्त जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष तीर्थराज विश्वकर्मा ने दी।

मिशन शक्ति के तहत अनाथ और दिव्यांग बच्चों को किया जागरूक,फल बांटकर बढ़ाया उत्साह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। मिशन शक्ति अभियान फेज–6.0 के तहत बुधवार को शुक्रताल स्थित अखिल भारतीय विकलांग एवं अनाथ सेवा समिति में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।इसमें बच्चों को सुरक्षा,अधिकारों और पुलिस से मिलने वाली सहायता के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को फल वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी भोपा राधा रमण सिंह ने मिशन शक्ति टीम के साथ बच्चों को जागरूक करते हुए शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।उन्होंने बच्चों को बताया कि



किसी भी समस्या या परेशानी की स्थिति में पुलिस से सहायता प्राप्त की जा सकती है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय और पुलिस अधीक्षक अपराध एवं मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी इन्दु सिद्धार्थ के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सहायता के उपलब्ध माध्यमों से परिचित कराना रहा।मुजफ्फरनगर पुलिस की ओर से मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं,बालिकाओं और बच्चों को सुरक्षा,सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

भाजपा महिला नेता की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने का आरोप, महिला समेत दो पर मुकदमा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र से चुनाव की तैयारी कर रहीं भाजपा महिला नेता इशिका चौबे की कथित आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने और अभद्र टिप्पणियां करने के आरोप में पिपरी थाना पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में करुणाकर त्रिपाठी और नीतू शुक्ला को नामजद किया गया है। हालांकि, मुकदमा दर्ज होने के बाद भी समाचार लिखे जाने तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। इसे लेकर शिकायतकर्ता ने नाराजगी जताई है। पिपरी थाना क्षेत्र के तुर्रा वार्ड नंबर छह निवासी इशिका चौबे ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि विधानसभा क्षेत्र के गांवों में भ्रमण के दौरान करुणाकर त्रिपाठी के मोबाइल फोन के माध्यम से सोशल मीडिया पर उनकी कथित आपत्तिजनक फोटो अपलोड की गई। आरोप है कि फेसबुक पर अपलोड की गई फोटो पर नीतू शुक्ला ने आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। शिकायतकर्ता के मुताबिक, इस तरह की गतिविधियों से उनकी प्रतिष्ठा और गरिमा को ठेस पहुंची है तथा निजता का उल्लंघन हुआ है। उन्होंने मामले को गंभीर बताते हुए आरोपियों के खिलाफ जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना पिपरी में मुकदमा अपराध संख्या 0194ध्2026 दर्ज किया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 79 और 356(1) तथा आईटी एक्ट की धारा 66ई और 67 का उल्लेख किया गया है। 10 अक्टूबर 2026 को मुकदमा दर्ज होने के बाद भी समाचार लिखे जाने तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से भाजपा महिला नेता असंतुष्ट बताई जा रही हैं। मामले में पुलिस की आगे की कार्रवाई पर नजर बनी हुई है। आरोपों की पुष्टि और मामले में दोष का निर्धारण जांच एवं न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होगा।

अदालती नोटिस

न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू0डि0 ज्ञानपुर भदोही (आर्डर 5 कवायद 1 व 5) नं0मु0 1107 दी0 सन् 2025 ई0 शिव कुमार शुक्ल बनाम बन्दना देवी आदि

1– शिव कुमार शुक्ल पुत्र स्व0 काली चरन निवासी नारेपार पोस्ट सीता मढ़ीं तहसील ज्ञानपुर जनपद भदोही– बनाम

1– बन्दना देवी पत्नी राजकुमार 2– राज कुमार पुत्र सिद्धिनाथ निवासीगण बेरासपुर तरी पोस्ट बैरी बीसा तहसील ज्ञानपुर जनपद भदोही।–– प्रतिवादीगण

ता0पेशी 27 / 10 / 2026ई0

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक

फिरदौस फातिमा


मो.9451721210

UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

योगी सरकार ने यूपी में विकास, कानून–व्यवस्था और सुशासन को दी नई ऊर्जा–कोविन्द

लखनऊ,संवाददाता। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास, कानून–व्यवस्था और सुशासन के क्षेत्र में हुए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद प्रदेश को नई ऊर्जा मिली है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया है और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों के अनुरूप उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के प्रयासों को अभूतपूर्व गति दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश में चल रही विकास योजनाओं से रोजगार, शिक्षा और आर्थिक प्रगति के अवसर समाज के सभी वर्गों तक पहुंचेंगे। पूर्व राष्ट्रपति अपनी आत्मकथा 'भारतीय गणतंत्र की विजयगाथा, मेरा जीवन, मेरा संघर्ष' के हिंदी संस्करण के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट और मेट्रो जैसी बड़ी बुनियादी ढांचागत



परियोजनाओं ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आवागमन को सुगम बनाया है। सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से अंत्योदय की भावना के अनुरूप विकास का लाभ ग्रामीण परिवारों और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयास हो रहे हैं।रामनाथ कोविन्द ने अपने बचपन की स्मृतियां साझा करते हुए बताया कि कानपुर देहात के गांव परौंख में उनका घर बेहद साधारण था और बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता था। वर्ष 2017 में राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद उन्हें उन परिवारों की याद आई, जो आज भी बेहतर भविष्य का सपना देखते हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि उनके पिता ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए परिवार की कृषि भूमि अपने पास रखने के बजाय बेटों की पढ़ाई को प्राथमिकता दी। ईमानदारी, करुणा, उदारता और न्यायप्रियता जैसे जीवन मूल्य उन्हें पिता से मिले। परौंख से राष्ट्रपति भवन तक की उनकी यात्रा केवल व्यक्तिगत उपलब्धि ा नहीं, बल्कि भारतीय गणतंत्र, संविधान के आदर्शों और करोड़ों भारतीयों की आकांक्षाओं की विजय है। भारतीय लोकतंत्र में सामान्य परिवार से आने वाला व्यक्ति भी अपनी योग्यता और परिश्रम के बल पर सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। इसी व्यवस्था में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने और उन्हें राष्ट्रपति पद तक पहुंचने का अवसर मिला।पूर्व राष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश के युवाओं से राजनीति, शासन–प्रशासन और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द का अभिनंदन करते हुए कहा कि उन्होंने देश के सर्वोच्च संवैध ानिक पद पर पहुंचने के बाद भी अपने सहज एवं सरल स्वभाव को बनाए रखा। गरीबों, पीड़ितों और वंचितों की आवाज उनके व्यक्तित्व और कार्यशैली का अभिन्न हिस्सा रही। समाज में ऐसे बिरले ही व्यक्ति होते हैं, जो वंचित वर्गों की समस्याओं को समझने के साथ उन्हें ध रातल पर समाधान तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं। रामनाथ कोविन्द ने संसद में रहते हुए लगातार पीड़ितों और वंचितों की आवाज को बुलंद किया। बिहार के राज्यपाल के रूप में भी उन्होंने अपनी सहजता और कार्यशैली से अमिट छाप छोड़ी। राष्ट्रपति के रूप में देश के लिए किए गए उनके कार्य भारतीय गणतंत्र के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखेंगे। 'एक राष्ट्र–एक चुनाव' विषय पर गठित समिति के अध्यक्ष के रूप में उनकी भूमिका भी उल्लेखनीय है।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सार्वजनिक जीवन सबसे कठिन, जिम्मेदारी भरा और व्यापक पहचान दिलाने वाला क्षेत्र है। इसमें व्यक्ति का पद कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसे अपनी शुचिता बनाए रखनी चाहिए और अहंकार से दूर रहना चाहिए। रामनाथ कोविन्द का जीवन इस बात का उदाहरण है कि सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचने के बाद भी व्यक्ति अपने मूल विचारों, संस्कारों और सहजता को बनाए रख सकता है। रामनाथ कोविन्द को वह उस समय से जानते हैं, जब वह राज्यसभा के सदस्य थे और उत्तर प्रदेश भाजपा के महामंत्री के रूप में कार्य कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के व्यक्तित्व और जीवन यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र में राष्ट्रपति से बड़ा कोई संवैधानिक पद नहीं है, लेकिन इतनी ऊंचाई पर पहुंचने के बाद भी वह सदैव जमीन से जुड़े रहे। उनका जीवन सादगी, विनम्रता, दृढ़ संकल्प और जनसामान्य से आत्मीय जुड़ाव की प्रेरक मिसाल है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति से विध ानसभा सदस्यों के लिए 500 पुस्तकें उपलब्ध कराने का अनुरोध ा किया और कहा कि पुस्तकों का पूरा मूल्य वह स्वयं देंगे।

चार छात्राएं बनीं एक दिन की निदेशक

लखनऊ,संवाददाता। अब प्रदेश के स्कूलों में मिड–डे मील के किचन की सफाई और बच्चों को पौष्टिक भोजन देने की जिम्मेदारी पर बेटियों की नजर रहेगी। मिशन शक्ति अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, काकोरी की चार छात्राओं ने बुध ावार को मध्याह्न भोजन प्राधिकरण में एक दिन की निदेशक बनकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। छात्राओं ने प्रदेश के सभी परिषदीय और कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के किचन में विशेष



सफाई अभियान चलाने का आदेश दिया है। इसके तहत गुरुवार से प्रदेशभर के स्कूलों में विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया जाएगा। छात्राएं मुस्कान, सरिता, साक्षी और राधिका ने निदेशक की कुर्सी संभालकर प्रशासनिक जिम्मेदारियों को समझा। उन्होंने स्कूलों में बच्चों को ताजा, संतुलित और पौष्टिक भोजन देने के साथ किचन शेड में स्वच्छता के मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खाना बनाने वाली रसोइयों को समय–समय पर स्वच्छता और पोषण प्रबंधन का प्रशिक्षण देने पर जोर दिया। एक दिन की निदेशक बनीं छात्राओं ने मध्याह्न भोजन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों की संख्या के हिसाब से पर्याप्त भोजन तैयार किया जाए। मिड–डे मील के मेन्यू में पोषक तत्वों का ध्यान रखा जाए और आधुनिक किचन व्यवस्था को बढ़ावा दिया जाए। इसके अलावा, जरूरत पड़ने पर अस्वस्थ बच्चों को तत्काल प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। मध्याह्न भोजन प्राधि ाकरण के निदेशक प्रेमरंजन सिंह ने छात्राओं के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक सोच की सराहना की। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य बेटियों में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना और उन्हें भविष्य में नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए तैयार करना है। निदेशक ने आश्वस्त किया कि छात्राओं की ओर से दिए गए स्वच्छता और पोषण संबंधी निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इसके तहत प्रदेश के स्कूलों के किचन में विशेष सफाई अभियान चलाकर बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने पर जोर दिया जाएगा।

परौंख से राष्ट्रपति भवन तक का सफर भारतीय लोकतंत्र की विजयगाथा–केशव

लखनऊ,संवाददाता। लोक भवन में बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की आत्मकथा 'भारतीय गणतंत्र की विजयगाथारू मेरा जीवन, मेरा संघर्ष' के पुस्तक का विमोचन समारोह में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रामनाथ कोविंद का जीवन संघर्ष, सादगी, संस्कार और राष्ट्रसेवा की ऐसी मिसाल है, जो युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। कानपुर देहात के छोटे से गांव परौंख से राष्ट्रपति भवन तक का उनका सफर भारतीय संविधान और लोकतंत्र की ताकत को दर्शाता है। श्री कोविंद ने अपनी आत्मकथा में संघर्ष से सफलता तक की यात्रा को जिस तरह प्रस्तुत किया है, वह साधारण परिवारों के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणादायी है। उनका जीवन बताता है कि सफलता का रास्ता कठिन परिश्रम, अनुशासन और धैर्य से होकर गुजरता है। राज्यसभा सदस्य, बिहार के राज्यपाल और देश के 14वें राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने संवैधानिक मर्यादाओं, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। सार्वजनिक जीवन में ऊंचे पद पर पहुंचने के बाद भी विनम्रता बनाए रखना उनके व्यक्तित्व की बड़ी विशेषता है।डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना और जनधन योजना जैसी पहल गरीबों के जीवन में बदलाव ला रही हैं। वहीं, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता के अवसर मिल रहे हैं।

पशुधन विभाग में भर्ती घोटाले मामले में रिटायर्ड प्रमुख सचिव गिरफ्तार

लखनऊ,संवाददाता। राजध ानी लखनऊ में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी योगेश कुमार को आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लयू) ने गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार सुबह ईओडब्लयू ने उन्हें गोमती नगर स्थित घर से गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई 12 साले पुराने पशुधन विभाग भर्ती घोटाले में की गई है। 2014 में सपा सरकार के दौरान पशुधन विभाग में 1198 पशुधन प्रसार अधिकारी पदों पर भर्ती हुई थी। उस वक्त योगेश कुमार विभाग में प्रमुख सचिव थे। इसके बाद वे रिटायर हो गए। भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप लगे थे। जांच में पता चला कि भर्ती में व्डत शीट की जांच एक ही जगह कराई गई, जिससे नंबरों में हेरफेर किया जा सके। सूत्रों के मुताबिक, योगेश कुमार ने गलत तरीके से भर्ती के लिए नियमों में फेरबदल किया। उन्होंने मंडल यानी कमिश्नर को मिलने वाले अधिकार को खत्म कर दिया। डीजी ईओडब्लयू जय नारायण सिंह ने कहा पशुधन भर्ती घोटाले में योगेश कुमार के खिलाफ



सबूत मिले हैं। वह जांच में दोषी पाए गए हैं। इसलिए, उनकी गिरफ्तारी की गई। योगेश कुमार की गिरफ्तारी यूपी में ब्यूरोक्रेट्स में अब तक की दूसरी सबसे बड़ी गिरफ्तारी है। इससे पहले 2007 यानी 19 साल पहले मायावती सरकार में मुख्य सचिव रह चुके अखंड प्रताप सिंह को सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति मामले में गिरफ्तार किया था। 2023 में उनका निधन हो गया था। सहारनपुर को छोड़कर प्रदेश के 17 मंडलों में 1198 पदों पर पशुधन प्रसार अधिकारी की भर्ती हुई थी। परीक्षा 2 फरवरी 2014 को हुई। इसमें 1005 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। उन्हें ट्रेनिंग दी गई। जॉइन करवाया गया। भर्ती के बाद 34 अभ्यर्थियों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर कीं। लिखित परीक्षा और इंटरव्यू में गड़बड़ी के आरोप लगाए। लिखित परीक्षा के लिए 80 और इंटरव्यू के लिए 20 नंबर तय थे। आरोप था कि इंटरव्यू में दिए गए नंबरों के जरिए कुछ अपात्र अभ्यर्थियों को फायदा पहुंचाया गया। भर्ती नियमों का उल्लंघन किया गया। हाईकोर्ट के आदेश पर 17 दिसंबर 2017 को जांच एसआईटी को सौंपी गई। 2018 में एसआईटी ने जांच पूरी कर रिपोर्ट शासन को सौंपी। रिपोर्ट में कई अधि ाकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की गई। 2019 में तत्कालीन निदेशक रहे चरण सिंह यादव को निलंबित कर दिया गया। 29 जुलाई 2021 को 28 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। जांच एजेंसियों ने भर्ती प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों और परीक्षा कराने वाली संस्था की भूमिका की भी जांच की गई। मामले में तत्कालीन पशुधन विकास मंत्री राजकिशोर सिंह की भूमिका भी जांच के दायरे में आई थी। हालांकि, फिलहाल भर्ती निरस्त नहीं की गई, जिन लोगों की जॉइनिंग कराई गई, वे आज भी नौकरी कर रहे हैं। डीजी ईओडब्लयू जय नारायण सिंह ने बताया कि परीक्षा के बाद नियुक्तियां मंडल स्तर पर होनी थी, लेकिन सारी ओएमआर शीट मुख्यालय मंगा ली गईं। यहीं पर शीट में खेल किया गया। पात्र अभ्यर्थियों को नुकसान और अपात्र अभ्यर्थियों को फायदा पहुंचाया गया। मंडलीय चयन समितियों के अधि ाकारों को खत्म कर रायबरेली के जिस फिरोज गांधी इंस्टिट्यूट को ओएमआर शीट जांचने की जिम्मेदारी दी गई, उसे इसका कोई अनुभव नहीं था। मामले में डायरेक्टर, एडिशनल डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर की गिरफ्तारी हो चुकी है। मामले में अब तक 25 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। मामले में तत्कालीन मंत्री भी प्रमुख सचिव के बराबर के दोषी हैं। अभियोजन को सरकार से मंजूरी मिलने के बाद उनकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

मंत्री जयवीर सिंह ने कालीबाड़ी मंदिर पहुंचकर मां काली के दर्शन किये

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शारदीय नवरात्र के चौथे दिन लखनऊ के कालीबाड़ी मंदिर पहुंचकर मां काली के दर्शन किए और विधि–विधान से पूजा–अर्चना की। उन्होंने प्रदेश और देश की खुशहाली के साथ विश्व कल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कालीबाड़ी मंदिर आस्था का बड़ा सिद्ध स्थल है। यहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्यटन अवस्थापना सुविधाएं विकसित करने का काम किया जा रहा है। उपलब्ध ा भूमि के अनुसार दो चरणों में परियोजना तैयार की गई थी, जिसमें एक परियोजना का काम अभी चल रहा है। मंत्री ने बताया कि मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और रफ्तार को लेकर प्रबंध समिति के सदस्यों और पुजारियों ने भी संतोष जताया है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार प्रदेश के धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था केंद्रों पर पर्यटन सुविधाएं विकसित करने के लिए काम कर रही है। मां काली से प्रार्थना है कि सभी पर उनकी कृपा बनी रहे, देश आगे बढ़े और भारत एक बार फिर विश्वगुरु बने। नवरात्र और दशहरा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के सवाल पर जयवीर सिंह ने कहा कि योगी सरकार के कार्यकाल में ध ार्मिक आयोजन और त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जा रहे हैं।

कार्यालय सेवा प्रबन्धक
उत्तर प्रदेश परिवहन निगम
प्रयागराज

पत्रांकः 6699/ जन/पीआर/क्षे0प्र0/कैन्टीन / आनलाईन निविदा/2026 **दिनॉकः 14/10/2026**

ई-टेण्डर/निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, प्रयागराज क्षेत्र के प्रतापगढ़ बस स्टेशन पर बुक स्टाल का ठेका संचालित किए जाने हेतु दिनांक 14.10.2026 को 10.00 बजे से दिनांक 27.10. 2026 को 17.00 बजे तक आफलाइन निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमन्त्रित किया गया है। निविदा उक्त अवधि में बेबसाइट **www.upsrtc.up.gov.in** से डानलोड किया जा सकेगा। तकनीकी निविदा दिनांक 06.10.2026 को 15.00 बजे खोली जायेगी। तकनीकी निविदा दिनांक 28.10.2026 को 15.00 बजे खोली जायेगी। तकनीकी निविदा में अन्ह पाए गये निविदादाताओं की वित्तीय निविदा दिनांक 28.10.2026 को खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी परिवहन निगम की बेबसाइट **www.upsrtc.up.gov.in** उपलब्ध है।

ह0/-

क्षेत्रीय प्रबन्धक

बाढ़ प्रभावित सैंथा पहुंचे नगर विकास मंत्री,राहत कार्यो का जायजा

लखनऊ,संवाददाता। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बाढ़ राहत कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से आज लखनऊ की मलिहाबाद विधानसभा के अंतर्गत सैंथा ग्रामीण क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का पुनः स्थलीय निरीक्षण किया। नगर निगम के नवविस्तारित क्षेत्र में शामिल सैंथा में उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों, साफ–सफाई तथा प्रभावित नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविध ाओं का जायजा लिया और अधि ाकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि जैसे–जैसे बाढ़ का पानी उतर रहा है, वैसे–वैसे मक्खी–मच्छरों के प्रकोप तथा प्रदूषित जल और वायु से मनुष्यों एवं पशुओं में बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए प्रभावित क्षेत्रों में साफ–सफाई, दवा छिड़काव और जलनिकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बीमारियों की रोकथाम हो सके।निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने ड्रोन तकनीक से किए जा रहे दवा छिड़काव का जायजा लिया और अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भी आवश्यकता के अनुसार इस तकनीक से दवा छिड़काव कराने के निर्देश दिए।

संक्षिप्त

1 लाख सरकारी नौकरियों में संविदाकर्मियों को भी मौका दें : मायावती

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश में अगले छह महीने में एक लाख सरकारी नौकरियां देने की घोषणा के बीच बसपा सुप्रीमो मायावती ने एनआरएचएम के संविदाकर्मियों को नियमित करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि सरकार को नई भर्तियों के साथ उन कर्मचारियों को भी स्थायी नौकरी देने पर विचार करना चाहिए, जो सरकारी विभागों में वर्षों से अस्थायी तौर पर काम कर रहे हैं। मायावती ने कहा कि बसपा सरकारी तंत्र में आउटसोर्सिंग और संविदा के जरिए नियुक्ति की व्यवस्था के खिलाफ है। पार्टी की मांग है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) के तहत लंबे समय से लगातार सेवाएं दे रहे सभी संविदाकर्मियों को स्वास्थ्य विभाग में नियमित किया जाए। मायावती ने कहा कि एनआरएचएम के संविदाकर्मी स्थायीकरण समेत अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से लखनऊ में मान्यवर श्री कांशीराम जी ईको गार्डन के पास धरना दे रहे हैं। उन्होंने सरकार से इन कर्मचारियों की मांगों पर विचार करने की अपील की। बसपा सुप्रीमो के बयान से सरकारी भर्तियों के साथ लंबे समय से संविदा पर काम कर रहे कर्मचारियों के नियमितीकरण का मुद्दा फिर चर्चा में आ गया है।

यूपी में 7 आईएएस अधिकारियों के तबादले, धीरेंद्र सिंह सचान बने निदेशक पंचायती राज

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए शासन ने सात आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। जारी स्थानांतरण सूची के अनुसार अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस फेरबदल में धीरेंद्र सिंह सचान को निदेशक पंचायती राज बनाया गया है, जबकि आजमगढ़ और आगरा में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) समेत अन्य पदों पर भी बदलाव किया गया है। शासन की ओर से जारी सूची के अनुसार, विशेष सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पद पर तैनात धीरेंद्र सिंह सचान को निदेशक, पंचायती राज, उत्तर प्रदेश नियुक्त किया गया है। वहीं, आजमगढ़ के मुख्य विकास अधिकारी राकेश कुमार पटेल को विशेष सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। मुजफ्फरनगर के मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण को आजमगढ़ का सीडीओ बनाया गया है। आगरा मंडल के अपर आयुक्त राजेश कुमार को विशेष सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग नियुक्त किया गया है। इसके अलावा आगरा के सीडीओ पद पर तैनात प्रतिभा सिंह को अपर आयुक्त, आगरा मंडल बनाया गया है। कानपुर देहात में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के पद पर तैनात अमित कुमार को मुख्य विकास अधिकारी, आगरा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, राजस्व परिषद, प्रयागराज में सदस्य (न्यायिक) के पद पर तैनात देवेंद्र कुमार सिंह कुशवाहा को प्रतीक्षारत रखा गया है।

समान डिग्री और समान वेतन की मांग को लेकर बश्वन्डेड डश्वक्टर का प्रदर्शन

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में वेतन में असमानता के विरोध में बुधवार को दूसरे दिन भी बॉन्डेड डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया। गांधी प्रतिमा के बाहर सड़क पर बैठकर डॉक्टरों ने समान वेतन और लंबे समय से लंबित एरियर के भुगतान की मांग उठाई। पुलिस ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेज दिया। प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने सवाल उठाया कि जब उनकी डिग्री और सेवाएं समान हैं, तो वेतन में अंतर क्यों किया जा रहा है? उन्होंने सभी पात्र डॉक्टरों के लिए समान वेतन व्यवस्था लागू करने और बकाया एरियर का भुगतान करने की मांग की। डॉक्टरों का कहना है कि वे ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में सेवाएं दे रहे हैं। इसके बावजूद उनके वेतन में अंतर किया जा रहा है।

भाजपा में शामिल हुए सपा के 3 बागी विधायक

विधानसभा चुनाव से पहले अखिलेश यादव को बड़ा झटका

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। ऐसे में समाजवादी पार्टी के तीन विधायक भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। विधानसभा चुनाव से पहले इसे अखिलेश यादव के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।समाजवादी पार्टी के जिन विधायकों ने भाजपा ज्वाइन किया है उनके नाम अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह और विनोद चतुर्वेदी शामिल हैं।अमेठी में एक समारोह में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति ईरानी की मौजूदगी में तीनों विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर यूपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी मौजूद रहे। समाजवादी पीर्टी से भाजपा में शामिल होने वालों में विधायक, गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, विधायक गोसाईगंज अभय सिंह, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी शामिल हैं। इस मौके पर यूपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीयत और नीति में खोट है। इस कारण ही तीनों विधायक ने अखिलेश यादव को टाटा–बाय–बाय बोला है। सपा में और भी कई लोग हैं जिन्हें तुष्टीकरण और जाति की राजनीति से घुटन महसूस कर रहे हैं और वो भी वापस निकलने की कोशिश कर रहे हैं। अखिलेश यादव को आत्म मंथन की जरूरत है, उन्हें जनता के मिजाज को समझने की जरूरत है।

राजनाथ सिंह 15 अक्टूबर से तीन दिन लखनऊ में रहेंगे

लखनऊ,संवाददाता। केंद्रीय रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह 15 अक्टूबर से तीन दिन के लखनऊ दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह फैजुल्लागंज में बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री बांटेंगे। इसके अलावा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने उनके दौरे की जानकारी दी। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक, राजनाथ सिंह 15 अक्टूबर को नई दिल्ली से रवाना होकर दोपहर 3.35 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से वह सड़क मार्ग से फैजुल्लागंज जाएंगे। शाम 4 बजे आईआईएम रोड स्थित अल्लूनगर डिगुरिया चौक पर बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री बांटेंगे। इसके बाद वह शहर के अलग–अलग इलाकों में लोगों से मुलाकात करेंगे और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे। रक्षामंत्री 16 अक्टूबर को कालिदास मार्ग स्थित अपने आवास पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह शहर के अलग–अलग क्षेत्रों में शोक संतप्त परिवारों के घर पहुंचकर दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि देंगे और परिजनों से मुलाकात करेंगे।

सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें छात्र, हेलमेट लगाकर ही चलाएं दोपहियाः जगदंबिका पाल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगरः परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र स्थित रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर, तेतरी बाजार में एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल रहे, जबकि कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही और भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि सड़क हादसों में घायल होने वालों के त्वरित उपचार के लिए सरकार द्वारा विकसित कैशलेस उपचार योजना एक बड़ा संबल बनकर उभरी है। उन्होंने वाहन चलाने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को हेलमेट प्रदान किए और हमेशा हेलमेट लगाकर ही दोपहिया वाहन चलाने का संकल्प दिलाया।विशिष्ट अतिथि विधायक श्यामधनी राही और भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने छात्रों व युवाओं से सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने की अपील की।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) संजय कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को निर्धारित आयु सीमा पूरी होने और वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही वाहन चलाने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान यदि कोई नाबालिग वाहन चलाते पकड़ा जाता है, तो उसके अभिभावक के विरुद्ध भी विधिक दंड का कड़ा प्रावधान है। समापन पर उन्होंने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि 'आप सिर्फ गाड़ी नहीं चला रहे है, बल्कि देश का भविष्य आपके हाथों में सुरक्षित है। आपकी एक सावधानी कई जिंदगी बचा सकती है।'

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एस.पी. अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी, टीआई अजय सिंह यादव, यात्री कर अधिकारी मुजफ्फर हुसैन सिद्दीकी, जहीर सिद्दीकी सहित विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत के बाद हरकत में आया प्रशासन, वीडियो वायरल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगरः विकास खंड बर्डपुर के ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर-6 में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों और पंचायत प्रशासन के बीच विवाद गहराता नजर आ रहा है। मामले में ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी से की गई शिकायत और उसके बाद निर्माण स्थल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद यह प्रकरण चर्चा का विषय बन गया है। मिली जानकारी के अनुसार, गांव निवासी सूर्य प्रकाश ने बीते 5 अक्टूबर को जिलाधिकारी को शपथ पत्र सौंपकर अटकोटिया पिच रोड से पुलिया तक प्रस्तावित इंटरलॉकिंग निर्माण में वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। शिकायतकर्ता का दावा है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत कार्य दिखाकर भुगतान कराया गया है, जबकि जमीनी हकीकत इसके उलट है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने प्रकरण की जांच के लिए त्रिस्तरीय टीम गठित करने के निर्देश दिए थे। इसी बीच सोशल मीडिया पर निर्माण स्थल से जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कार्यस्थल पर ईंट, बालू, सीमेंट की मौजूदगी और खड़ंजे पर काम होता दिख रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जांच से पहले ही मौके पर आनन-फानन में निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। वहीं हरिश्चंद्र, विनोद साहनी और अनिल जायसवाल सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के कई दिन बीत जाने के बाद भी जांच टीम के मौके पर न पहुंचने से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इस संबंध में प्रभारी एडीओ पंचायत व सचिव मनोहर लाल बरनवाल ने बताया कि सड़क पर कार्य की वास्तविक स्थिति मौके का मुआयना करने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। उन्होंने कहा कि शिकायत के संदर्भ में उच्चाधिकारियों से जो भी निर्देश प्राप्त होंगे, उसके अनुसार जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

राजकीय डिग्री कॉलेज विजय नगर में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रंगोली कार्यक्रम



कमल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर।दिनांक 14/10/2026 को मिशन शक्ति के छठे चरण के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह जनपद बलरामपुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी अभय प्रभात मल्ल के पर्यवेक्षण में ,प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह के नेतृत्व मे मिशन शक्ति टीम द्वारा राजकीय महाविद्यालय विजय नगर में ?मिशन शक्ति नोडल / प्रवक्ता राखी भारती के उपस्थिति में छात्राओं द्वारा रंगोली कार्यक्रम कराया गया और बालिकाओं को नारी सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन हेतु बाल विवाह, पास्को एक्ट व साइबर क्राइम संबंधी अपराध ,यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया गया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाये गये विभिनन हेल्पलाइन नंबरोके बारे में जानकारी दी गई।थाने पर गठित मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क व सरकार द्वारा चलाई गई लाभकारी योजनाओं जैसे- सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धापेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना इत्यादि के बारे में बताया गया त नशा मुक्ति अभियान के तहत मादक पदार्थों से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया गया और बालको को सड़क सुरक्षा नियमों को पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।सभी उपस्थित बालिकाओं से समस्या के विषय में पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि किसी को कोई समस्या नहीं है।

चोरी की पल्सर बाइक के साथ दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगरः जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चिल्हियां थाना पुलिस और जनपदीय एण्टीथेफ्ट टीम की संयुक्त कार्रवाई में चोरी की एक पल्सर बाइक सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षण में अपराध नियंत्रण के मद्देनजर सघन चेकिंग अभियान



चलाया जा रहा था। इसी क्रम में चिल्हियां थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी पल्टादेवी मय हमराह तथा एण्टीथेफ्ट टीम के साथ मंगलवार की रात गश्त पर थे।

टीम जब सूर्यकुडिया पुलिया के पास संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी, तभी बाइक सवार दो संदिग्ध युवक आते दिखे। पुलिस टीम द्वारा रोककर कागजात मांगे जाने पर वे कोई वैध प्रपत्र नहीं दिखा सके। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने स्वीकार किया कि उक्त पल्सर बाइक उन्होंने 26 जून 2026 को जनपद बलरामपुर के पचपेड़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरगदही कर्बला के पास से चुराई थी। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान प्रमोद कुमार पुत्र वीरेंद्र कुमार (निवासी ग्राम बजहा, थाना कपिलवस्तु) और मोहम्मद मुकीम पुत्र अब्दुल वदूद (निवासी ग्राम सेमरा टोला बजहा, थाना चिल्हियां) के रूप में हुई।

पुलिस ने चोरी की पल्सर मोटरसाइकिल को कब्जे में लेते हुए दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध चिल्हियां थाने में मु.अ.सं. 104/2026 धारा 317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। विधिक कार्यवाही पूरी करने के बाद बुधवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया।सफलता प्राप्त करने वाली टीम में चिल्हियां थानाध्यक्ष पवन कुमार मौर्य, एण्टीथेफ्ट प्रभारी उप निरीक्षक ओम प्रकाश मिश्र, उप निरीक्षक दिनेश चंद मिश्र, हेड कांस्टेबल राजेश यादव, जनपदीय एण्टीथेफ्ट टीम से हेड कांस्टेबल इंद्रेश यादव, हे.का. अमित कुमार यादव, हे.का. जनार्दन प्रजापति, हे.का. रमेश कुमार, हे.का. धर्मेंद्र कुमार और कांस्टेबल अभिनंदन सिंह शामिल रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 412 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगरः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में बुधवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में 412 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंध गए। कार्यक्रम में सर्वधर्म सद्भाव का अनूठा दृश्य देखने को मिला, जहां वैदिक रीति से 303 हिंदू जोड़ों का विवाह संपनन हुआ, मौलाना द्वारा 45 मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़ाया गया और 64 बौद्ध जोड़ों ने अपनी धार्मिक परंपरा के अनुसार गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। समारोह का शुभारंभ सांसद जगदंबिका पाल, विधायक जय प्रताप सिंह, विधायक श्यामधनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य, पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, एसपी डॉ. अभिषेक महाजन और सीडीओ बलराम सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांसद जगदंबिका पाल ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए बड़ा संबल साबित हुई है। साथ ही नवदंपतियों को रोजगार व प्लेसमेंट से जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक वधू के बैंक खाते में डीबीटी के जरिए 64 हजार रुपये भेजे गए हैं। इसके अलावा 21 हजार रुपये मूल्य की गृहस्थी सामग्री (उपहार) और बारात सत्कार पर 15 हजार रुपये व्यय किए गए हैं। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने किया वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं मिली दुरुस्त

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर



कुशीनगर। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पडरौना भुवन द्वारा आज दिनांक 14.10.2026 को वन स्टॉप सेंटर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सेंटर की साफ-सफाई, खान-पान, पेयजल व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाएं सही पाई गईं। निरीक्षण में किसी प्रकार की कमी नहीं पाई गई। मौके पर समस्त कर्मचारी एवं पुलिस बल उपस्थित मिले।सचिव ने वन स्टॉप सेंटर में भर्ती महिलाओं व लड़कियों से बातचीत कर उनका हालचाल लिया, किसी ने कोई शिकायत नहीं बताई। उन्होंने बैरक का भी निरीक्षण किया।इस दौरान केंद्र प्रशासिका रीता यादव, पैरा मेडिकल नर्स चंदा सिंह, केस वर्कर प्रियंका चौरसिया, कंप्यूटर ऑपरेटर मुनीष कुमार, पीआरडी पुष्पा, महिला आरक्षी जया देवी, होमगार्ड सिद्धी साहा, पीआरडी सीमा आदि मौजूद रहीं।

कुमारी अमृता सोनी को एक दिन का बनाया गया जिला प्रोबेशन अधिकारी

मिशन शक्ति अभियान के तहत मेधावी छात्रा अमृता सोनी बनीं एक दिन की जिला प्रोबेशन अधिकारी

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर
कुशीनगर



कुशीनगर -: शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान के अंतर्गत नारी सम्मान एवं महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को प्रभात तारा पब्लिक स्कूल, रविन्द्रनगर धूस की कक्षा 12 की मेधावी छात्रा कुमारी अमृता सोनी को एक दिन का जिला प्रोबेशन अधिकारी बनाया गया। कुमारी अमृता सोनी कक्षा 10 में विद्यालय की टॉपर रह चुकी है।

इस अवसर पर छात्रा को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिनन इकाइयों का भ्रमण कराकर उनके कार्यों एवं विभागीय कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण इकाई तथा किशोर न्याय बोर्ड सहित विभिनन इकाइयों की कार्यप्रणाली को समझा।

भ्रमण के दौरान छात्रा को महिला कल्याण विभाग की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं– मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के उद्देश्यों एवं पात्र लाभार्थियों को मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही महिला एवं बाल सुरक्षा तथा आपातकालीन सहायता के लिए संचालित हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता से भी अवगत कराया गया।

छात्रा को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108 तथा जननी एक्सप्रेस सेवा 102 के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि जरूरत पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग कर संबंधित सहायता प्राप्त की जा सकती है।

इस पहल का उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समझ, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा महिला एवं बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता विकसित करना है, ताकि वे भविष्य में आत्मविश्वास के साथ समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकें।

इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार गौतम सहित महिला कल्याण विभाग के प्रसिद्ध कुमार राहुल, नलिन सिंह, दिनेश कुमार, दयानन्द, मुनीष कुमार, सुश्री प्रीति, सुश्री वंदना एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

सितंबर में जारी हुए 50 हजार से अधिक जन्म प्रमाण पत्र

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। जनपद में आमजन को शासकीय सेवाओं का लाभ सरल, सुगम और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन व्यवस्था के माध्यम से आसान बनाया गया है। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन के निर्देशन में संचालित इस व्यवस्था और विशेष अभियान के तहत सितंबर माह में 50 हजार से अधिक जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए।जन्म प्रमाण पत्र विद्यालयों में प्रवेश, विभिनन सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज है। पहले प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नागरिकों को आवेदन और अन्य औपचारिकताओं के संबंध में कई बार संबंधित कार्यालयों में जाना पड़ता था। इस समस्या को दूर करने के लिए जिला प्रशासन ने ऑनलाइन आवेदन व्यवस्था को प्रभावी बनाया है।

इस व्यवस्था के तहत आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद संबंधित उपजिलाधिकारी (एसडीएम) एवं खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) नियमानुसार आवेदन का निस्तारण करते हुए प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पूरी करते हैं। इससे नागरिकों के समय और संसाधनों की बचत होने के साथ ही अनावश्यक भागदौड़ में भी कमी आती है।

जिला प्रशासन के अनुसार, जन्म प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है। निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त किसी अन्य धनराशि की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन का उद्देश्य आवेदन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और नागरिकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ने से रोकना है।

जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद की सभी तहसीलों के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत संबंधित एसडीएम और बीडीओ को ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों के नियमानुसार निस्तारण तथा प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।प्रशासन का विशेष जोर ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों तक इस सुविधा का लाभ पहुंचाने और आवेदनों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब रोकने पर है।जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता आमजन को आवश्यक प्रमाण पत्र एवं अन्य शासकीय सेवाएं सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखी जाए और निर्धारित आवेदन शुल्क के अतिरिक्त किसी प्रकार की धनराशि न ली जाए।जिला प्रशासन के अनुसार, ऑनलाइन व्यवस्था और विशेष अभियान के माध्यम से जनपदवासियों को सुगम एवं जनहितकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। सितंबर माह में 50 हजार से अधिक जन्म प्रमाण पत्र जारी होना इसी अभियान के तहत दर्ज की गई उपलब्धि है।

सीमावर्ती इलाके में एसएसबी की बड़ी कार्रवाई, 124 बोटा सागवान समेत एक पकड़ाया

सेवरा गांव के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदी लकड़ी जब्त अग्रिम जांच में जुटा वन विभाग

प्रातःकाल एक्सप्रेस



डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर भारत-नेपाल सीमा पर तैनात 50वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की डी कंपनी महादेव बुजुर्ग के जवानों ने गश्त के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र से बेशकीमती सागवान की लकड़ियों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, सीमा चौकी सेमरहवा के जवान पिलर संख्या 567 के निकट विशेष गश्त पर थे। इसी दौरान सीमा से करीब साढ़े तीन किलोमीटर अंदर भारतीय क्षेत्र के ग्राम सेवरा के पास संदिग्ध परिस्थिति में खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली दिखाई दी, जिस पर लकड़ी के बोटे लदे हुए थे। जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से एक व्यक्ति को पकड़ लिया। जांच के दौरान मौके से सागवान की लकड़ी के कुल 124 बोटे बरामद किए गए।पकड़े गए व्यक्ति की पहचान गोविंद पुत्र राम नैन, निवासी ग्राम मानपुर, थाना ढेबरूआ, जिला सिद्धार्थनगर के रूप में हुई है। एसएसबी द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, पूछताछ के दौरान पकड़े गए व्यक्ति ने खुद को मजदूर बताते हुए कहा कि यह लकड़ी व ट्रैक्टर-ट्रॉली तबरेज आलम की है और वह इसे बढ़नी स्थित आरा मशीन तक पहुंचाने के लिए एक हजार रुपये मजदूरी पर ले जा रहा था। वन विभाग द्वारा इस बयान व संलिप्तता की पुष्टि के लिए वास्तविक स्वामित्व और दस्तावेजों की जांच की जा रही है।एसएसबी की टीम ने विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद पकड़े गए व्यक्ति 124 बोटा सागवान और ट्रैक्टर-ट्रॉली को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए वन विभाग इटवा के सुपुर्द कर दिया है। वन विभाग के अधिकारी पूरे प्रकरण की जांच कर अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटे हैं।

पुण्यतिथि पर याद किए गए 'विकास पुरुष' पूर्व मंत्री दिनेश सिंह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

शोहरतगढ़ (सिद्धार्थनगर): चिल्हियां स्थित दिनेश नगर में पूर्व मंत्री 'विकास पुरुष' स्वर्गीय दिनेश सिंह की 17वीं पुण्यतिथि पर विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उनके सुपुत्र व सपा नेता उग्रसेन सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि दीपक मिश्र और डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून ने कहा कि स्व. दिनेश सिंह आजीवन गरीबों और मजलूमों के हक व तरक्की के लिए संघर्ष करते रहे। बस्ती सदर विधायक महेंद्र यादव ने कहा कि जनसेवा और विकास कार्यों के कारण ही जनता ने उन्हें 'विकास पुरुष' का दर्जा दिया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव सहित हजारों की संख्या में लोगों ने समाधि स्थल पर नमन किया।

कुरान को अपना साथी बना लो शिफा जरूर मिलेगीः मौलाना सदाकत हुसैन

जो कुरान और एहलैबैत का दामन थाम लेगा फायदे में रहेगा

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। स्थानीय पक्की सराये स्थित बड़े इमामबाड़े में अंजुमन हैदरी के सेकेट्री स्व. राहत हुसैन रिज़वी की तिमाही पर आसिफ रिज़वी, काशिब रिज़वी की ओर से मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस में तक़रीर करते हुए जनपद फर्रुखाबाद से आये मौलाना सदाकत हुसैन ने कहा रसूल ने फरमाया कि हम कुरान और एहलैबैत को छोड़कर जा रहा हूं। जो इनका दामन थाम लेगा फायदे में रहेगा। रसूल ने यह भी फरमाया कि मै इल्म का शहर हूं और अली उसका दरवाजा है। मौलाना सदाकत कुरान को अपना साथी बना लो शिफा जरूर मिलेगी कुरान ने गारंटी दी है। इंसान अगर कुरान, नमाज और एहलैबैत का सहारा ले तो उसकी तमाम परेशानियां दूर हो जाएंगी। दुरूद पढ़ने वालों को अल्लाह जनन्त में जगह देगा। उन्होंने कहा कि दुनिया की यूनिवरसिटी में दाखिले के लिए पाबंदी होती है लेकिन इमाम हुसैन की शहादत के बाद उनकी बहिन जनाबे जैनब ने मजलिस के रूप में जो यूनिवर्सिटी कायम की है उसमें दाखिले के लिए कोई पाबंदी नहीं है,



मजलिसों में हर धर्म मजहब के लोग आते है। मजलिस में तसलीम रज़ा, जहूर नक़वी ने सोजख्वानी की और जाफ़र ईरानी, अश्शू रिज़वी, सलमान रिज़वी, आबिद रज़ा ने पेशख़्वानी की। मजलिस में अल्हाज कमर अब्बास नकवी करबलाई, हाजी अरशद मरगूब, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, तनवीर हसन, लारैब नक़वी, सफीर हैदर, अख्तर अब्बास रिज़वी, तहसीन रज़ा, ताबिश रिज़वी, आले रज़ा नक़वी, आरिफ रिज़वी, शारिक सगीर शानू, जैगम अब्बास एड., अमीर हैदर, शब्बर अक़ील, अदनान जाफरी, सोनू नक़वी, शादाब हसन सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

कलयुगी पुत्र ने पिता के सिर पर डंडे से किया वार, मौतः आरोपी बेटा गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। थाना ऐरवाकटरा क्षेत्र के नगरिया राजाराम गांव में एक कलयुगी पुत्र ने अपने पिता के सिर में डंडा मारकर हत्या कर दी, पिता का कसूर इतना था कि उसने कुत्ते को मारने से मनाकर दिया था, जिससे गुस्साए बेटे ने अपने पिता के सिर पर डंडे से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने के बाद उपचार के अभाव में पिता की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, नगरिया राजाराम निवासी कंचन पुत्र हरदयाल ने अपने बेटे आजाद को कुत्ते को मारने से मना करते हुए डांट दिया था। इससे नाराज होकर आजाद ने अपने पिता कंचन के सिर पर डंडे से वार कर दिया। सिर में चोट लगने से कंचन की हालत बिगड़ गई और उपचार के अभाव में उनकी मौत हो गई। मामले में आरोपी की भाभी कौशल्या पतने रवि की तहरीर पर थाना ऐरवाकटरा में मुकदमा अपराध संख्या 156/2026 के तहत बीएनएस की धारा 105 में रिपोर्ट दर्ज की गई।

पुलिस अधीक्षक औरैया के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी बिधूना के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को पुलिस ने बाऊखेड़ा मोड़ से नगरिया राजाराम जाने वाले रास्ते पर लगभग 100 मीटर आगे से आरोपी आजाद (28) पुत्र कंचन निवासी ग्राम नगरिया राजाराम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

खेत में पड़ा मिला युवक का शव, मौत की वजह स्पष्ट नहीं

पोस्टमार्टम के बाद पुलिस की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार, रिपोर्ट का इंतजार

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। अछल्दा थाना क्षेत्र के सलेमपुर मड़ैया गांव में एक 30 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। खेत पर युवक का शव मिलने से परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया।

गांव निवासी धर्मेंद्र उर्फ सीपु (30) पुत्र जयराम खेत पर था। जब उसके पिता खेत पर पहुंचे तो धर्मेंद्र मृत अवस्था में पड़ा मिला। यह देखकर उन्होंने परिजनों और ग्रामीणों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई। सूचना पर थानाध्यक्ष जीतमल और उपनिरीक्षक अरविंद गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक शादीशुदा था और उसकी पांच वर्षीय बेटी अनाया है। थानाध्यक्ष जीतमल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

दुकानों पर घरेलू गैस सिलिंडर के इस्तेमाल पर प्रशासन सख्त, प्रतिष्ठानों पर हुई छापेमारी

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। जनपद के मुरादगंज स्थित शिव शंभू स्वीट हाउस में 13 सितंबर को हुए गैस सिलेंडर ब्लास्ट में दो युवकों की मौत के बाद प्रशासन हरकत में आया। घरेलू गैस सिलिंडरों के व्यावसायिक उपयोग की शिकायतों को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। होटल , स्वीट्स हाउस, ठेलों, खोमचों और विभिनन्-प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलिंडर का इस्तेमाल पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। पूर्ति निरीक्षक समीर कुमार त्रिवेदी, पूर्ति लिपिक रोहित मौर्य ने अजीतमल क्षेत्र में विभिनन्-प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करने वाले दुकानदारों से करीब दो दर्जन से अधिक गैस सिलेंडरों को जप्त कर गोदाम पर जमा कराया गया है, पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि घरेलू



सिलेंडर को प्रतिष्ठानों पर चलाने बालों को नोटिस दिया जाएगा। तथा संचालकों को घरेलू गैस सिलिंडरों का व्यावसायिक उपयोग न करने की सख्त हिदायत भी दी गई।? उन्होंने स्पष्ट किया कि घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित गैस सिलिंडरों का व्यावसायिक कार्यों में इस्तेमाल नियमों के विरुद्ध है। ठेलों, खोमचों, दुकानों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू सिलिंडर का प्रयोग पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, और

सिलेंडर रिफिलिंग करने वाले दुकानदारों और घरों से रिफिलिंग करके दुकानों पर चलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन की इस सख्ती से व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलिंडरों के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों ने संचालकों से नियमों का पालन करने और घरेलू गैस सिलिंडरों का दुरुपयोग न करने की अपील की है।

आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव, परिवार में कोहराम



प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फूलपुर में मंगलवार सुबह खेत के पास आम के पेड़ पर युवक का शव फंदे से लटका मिला, जिससे सनसनी फैल गई।

मृतक की पहचान फूलपुर निवासी शटरिंग मिस्त्री प्रमोद दोहरे (35) पुत्र राम सिंह के रूप में हुई। सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि प्रमोद सोमवार रात खाना खाकर सोया था, रात में कब घर से निकला परिजनों को पता नहीं चला। सुबह ग्रामीणों ने जंग बहादुर मिश्रा के खेत के पास शव लटका देखा। मृतक के परिवार में पतनी संगीता और दो बेटे शिवा (13) व देव (10) हैं। प्रमोद तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। बेटे की मौत से मां सियादेवी और पिता रामसिंह का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार प्रमोद को शराब की लत थी, जिसे लेकर परिवार में कलह होती थी। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा।

भाकियू महात्मा टिकैत के तहसील अध्यक्ष बने बृजेश कुमार यादव



प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत में पड़रपुरा निवासी बृजेश कुमार यादव को तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।मनोनयन की खबर मिलते ही उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके आवास पहुंचकर बधाई दी।शुभचिंतकों ने कहा कि बृजेश यादव लंबे समय से किसानों के हितों के लिए सक्रिय हैं। उम्मीद है कि नई जिम्मेदारी मिलने के बाद वे किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे और संगठन को और मजबूत बनाने का काम करेंगे।

भाजपा पिछड़ा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष बने राजेश निषाद

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। भाजपा ने प्रयागराज में पिछड़ा मोर्चा का महानगर अध्यक्ष राजेश निषाद को नियुक्त किया है।मीडिया प्रभारी पवन श्रीवास्तव ने बताया कि राजेश निषाद दारागंज के निवासी, पूर्व पार्षद और पार्टी के कई दायित्वों का निर्वहन करने वाले वरिष्ठ नेता हैं। सूचना मिलते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह दौड़ गया और उनके आवास पहुंचकर मिष्ठान खिलाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया।इस अवसर पर राजेश निषाद उर्फ पप्पू निषाद ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, अध्यक्ष संजय गुप्ता और प्रदेश संगठन के प्रति आभार जताते हुए दायित्व का निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि यह समय पिछड़े वर्ग के लिए स्वर्णिम समय है। बधाई देने वालों में मधु चकहा, शिव मनोरथ शुक्ला, सुभाष वैश्य, भरत निषाद, दिगम्बर चकहा, सोनू निषाद, राजू श्रीवास्तव, केके पाठक, गोल्डी दुबे, रवि निषाद, नितिन दुबे, श्रीश चंद्र दुबे, राहुल सिंह राणा, शुभम चौरसिया, चिंटू निषाद, सुनील महरा, श्वेताभ निषाद आदि मौजूद रहे।



बालिका संरक्षण गृह में विशेष आयोजन, व्यापार मंडल और पुलिस प्रशासन की सराहनीय पहल

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रयाग व्यापार मंडल एवं महिला व्यापार मंडल द्वारा कोतवाली प्रयागराज के तत्वावधान में नवरात्रि के पावन अवसर पर मिशन शक्ति बालिकाओं के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन पुलिस आयुक्त, प्रयागराज पीयूष मोडिया (घ्झए) के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपनन् हुआ। कार्यक्रम में एडीसीपी श्रुति श्रीवास्तव, एसीपी कोतवाली निकिता श्रीवास्तव, कोतवाली प्रभारी सुधीर सिंह सहित न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सुहैल अहमद सरदार जितेंद्र सिंह सरदार प्रीतम सिंह अखिलेश सिंह शुभम केशरवानी पल्लवी अरोरा रोहित अरोड़ा मोहम्मद आमिर मोहम्मद आमिर मोहम्मद शगुन अकरम, मधु श्रीवास्तव, पुष्पा जायसवाल, लता उपाध्याय उपस्थित थी।

इस अवसर पर व्यापार मंडल की ओर से बालिकाओं को नवरात्रि के उपलक्ष्य मिशन शक्ति द्वारा नए वस्त्र, मिठाई एवं खाद्य सामग्री वितरित की गई। बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन करते हुए मनमोहक सांस्कृतिक एवं कलात्मक प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे पूरा वातावरण उत्साह, उमंग और आत्मीयता से भर उठा। प्रयाग व्यापार मंडल एवं महिला व्यापार मंडल ने इस पहल पर प्रसननन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि बालिकाओं के चेहरों पर मुस्कान लाना और उन्हें अपनत्व एवं सम्मान का अनुभव कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। पुलिस प्रशासन और व्यापारिक संगठनों का यह संयुक्त प्रयास सामाजिक संवेदनशीलता, महिला एवं बालिका कल्याण तथा



जनसहभागिता का प्रेरणादायक उदाहरण है। उत्तर प्रदेश सरकार की महिला एवं बालिका सुरक्षा तथा सशक्तीकरण की भावना के अनुरूप इस प्रकार के आयोजन समाज और प्रशासन के बीच विश्वास एवं सहयोग को मजबूत करते है। ऐसे प्रयास निरंतर होते रहने चाहिए, ताकि प्रत्येक बालिका को सन्ह, सम्मान और बेहतर भविष्य की आशा मिल सके।

सड़क हादसे में युवक की मौत परिवार में मचा कोहराम, नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई, कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बाबरपुर निवासी पार्थ (23) का शव घर पहुंचते ही चीख-पुकार मच गई। बेटे की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। रिश्तेदारों और परिचितों की आंखें भी नम हो गई। शाम को सिकरोड़ी घाट पर पार्थ का अंतिम संस्कार किया गया। बाबरपुर निवासी अशोक कुमार का पुत्र पार्थ सोमवार शाम बाइक से भीखेपुर निवासी तान्या (20) पुत्री संजीव कुमार के साथ औरैया से घर लौट रहा था। मिहौली के पास बुंदेलखंड ओवरब्रिज के नीचे ढलान पर किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को जिला संयुक्त चिकित्सालय ले गई। हालत गंभीर होने पर उन्हें चिचौली स्थित सौ शैय्या जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने पार्थ को मृत घोषित कर दिया। घायल तान्या का उपचार जारी है। मंगलवार को शव घर पहुंचने पर अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। इसके बाद पार्थ को अंतिम विदाई दी गई।

जनपद स्तरीय युवा उत्सव का 27 अक्टूबर को होगा भव्य आयोजन

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर।जनपद के युवाओं में छिपी रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं कलात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, बलरामपुर द्वारा दिनांक 27 अक्टूबर 2026 को जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन एम.एल.के. पी.जी. कॉलेज, बलरामपुर के ऑडिटोरियम में संपनन् होगा। युवा उत्सव के माध्यम से जनपद के युवाओं को अपनी कला, संस्कृति, साहित्यिक अभिरुचि एवं रचनात्मक क्षमताओं का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा।

जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी, बलरामपुर ने बताया कि युवा उत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं की बहुमुखी प्रतिभा को पहचानना, उन्हें अपनी क्षमताओं को निखारने के लिए प्रोत्साहित करना तथा भारतीय लोक संस्कृति, कला एवं साहित्य के प्रति उनकी रुचि को बढ़ावा देना है। इस आयोजन में युवाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जनपद के समस्त शिक्षण संस्थानों, महाविद्यालयों एवं इच्छुक युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

पांच विधाओं में आयोजित होंगी प्रतियोगिताए

उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत कुल पांच विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें चित्रकारी (पेंटिंग), समूह लोक नृत्य, समूह लोकगीत, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक शामिल हैं।

इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को अपनी कल्पनाशीलता, कलात्मक अभिव्यक्ति, साहित्यिक प्रतिभा, अभिनय कौशल एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। विशेष रूप से समूह लोक नृत्य एवं लोकगीत प्रतियोगिताओं के माध्यम से भारतीय लोक संस्कृति, परंपराओं एवं सांस्कृतिक विविधता को प्रोत्साहित किया जाएगा।

रामबाग फ्लाईओवर पर बड़ा हादसा टलाः अनियंत्रित डंपर डिवाइडर पर चढ़ा, एक्टिवा सवार बाल-बाल बचा; सीसीटीवी में कैद हुई घटना

प्रातः कालएक्सप्रेस



आगरा :आगरा में रामबाग फ्लाईओवर पर बड़ा हादसा टलाः अनियंत्रित डंपर डिवाइडर पर चढ़ा, एक्टिवा सवार बाल-बाल बचा; ण्ण्ऊ॒ में कैद हुई घटना..आगरा शहर के रामबाग फ्लाईओवर पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक अनियंत्रित डंपर डिवाइडर पर चढ़ गया। हादसे के दौरान पास से गुजर रहा एक्टिवा सवार बाल-बाल बच गया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कैसे हुआ हादसा जानकारी के मुताबिक, डंपर अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। इस दौरान फ्लाईओवर पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। एक्टिवा सवार व्यक्ति किसी तरह बच गया, लेकिन वह काफी देर तक सहमा रहा। सीसीटीवी में कैद हुई घटना घटना का पूरा वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि डंपर कैसे अचानक डिवाइडर पर चढ़ जाता है और एक्टिवा सवार किस तरह बाल-बाल बचता है। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है और लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। हादसे के बाद फ्लाईओवर पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और डंपर को हटवाया। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

डीएम ने शाकंभरी देवी शारदीय नवरात्रि मेला में व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

पुलिस रिपोर्टिंग चौकी के भवन विस्तार का किया उद्घाटन

प्रातः काल एक्सप्रेस



सहारनपुर । जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान द्वारा मां शाकंभरी देवी शारदीय नवरात्रि मेले में श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं सुरक्षा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इसी के साथ उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया। जिलाधिकारी ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर कन्याओं को प्रसाद वितरित किया। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत राणा परिवार द्वारा पुलिस रिपोर्टिंग चौकी के भवन विस्तार का उद्घाटन भी किया गया।इस भवन का निर्माण मंदिर व्यवस्थापक आदित्य राणा द्वारा करवाया गया । जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग बेहतर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सौपी गई जिम्मेदारियों का भली प्रकार से निर्वहन करें। कोई भी बात हो, कहीं पर कोई कमी दिखे तो तुरंत अवगत कराएं।

श्रद्धालुओं को बिना किसी असुविधा के मां के दर्शन कराना सुनिश्चित करें। श्रद्धालुओं के साथ सद्भाव से वार्ता करें। सभी विभागों के नोडल ऑफिसर आपसी समन्वय स्थापित रखें। अरविंद कुमार चौहान ने निर्देश दिए कि यातायात किसी भी प्रकार से बाधित न हो। साफ-सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, शौचालय साफ-सुथरे रहे। विद्युत, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा में कोई ढिलाई न बरती जाए। मेला क्षेत्र की व्यवस्थाएं इस प्रकार संचालित रखी जाएं कि आने वाले समस्त श्रद्धालुओं के बीच उनके अनुभवों को लेकर अच्छा संदेश जाए। इस अवसर पर एस पी यातायात शैलेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी बेहट श्री सुबोध कुमार, आदित्य राणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्टार्टअप प्रतियोगिता में आर्यन त्यागी रहे प्रथम

-कुलपति ने किया सम्मानित

प्रातः काल एक्सप्रेस

नागल। आईआईएमटी कॉलेज के छात्र आर्यन त्यागी ने मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय में आयोजित सहारनपुर स्टूडेंट इनोवेशन चैलेंज-2026 स्टार्टअप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के अनेक विद्यार्थियों ने अपने नवाचार व स्टार्टअप संबंधी विचार प्रस्तुत किए।

आर्यन त्यागी ने प्रतियोगिता में गोबर से जैविक खाद बनाने की अपनी परियोजना प्रस्तुत की। अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से जैविक अपशिष्ट के सदुपयोग, पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि की दिशा में एक उपयोगी विचार प्रस्तुत किया। उनके नवाचार को सराहना मिली जिससे उन्हें प्रथम स्थान मिला। मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर विमला वाई ने आर्यन त्यागी को



ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। संस्था निदेशक डॉ. अंजू वालिया ने कहा कि विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता और उद्यमशीलता की भावना विकसित करना उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। संस्था चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने आर्यन त्यागी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

सुग्रीव मित्रता व बाली वध की लीला का सुंदर मंचन

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। सुल्तानपुर चिलकाना के पीठ मैदान में आयोजित वार्षिक श्रीरामलीला में सुग्रीव मित्रता व बाली वध की लीला का सुंदर मंचन किया गया। इस दौरान हनुमान जी की भव्य झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. वीके त्यागी के प्रतिनिधि पवन गुम्बर व आदित्य सैनी ने किया। लीला में श्रीराम की भूमिका लविश, लक्ष्मण की रोहित सैनी, हनुमान की कार्तिक, सुग्रीव की विकास तथा बाली की भूमिका राहुल ने निभाई। रामलीला मे हनुमान जी की झांकी की आरती डॉ. राजीव त्यागी, सभासद अनुपम जैन,अमित नाथ,रमेश कश्यप, राकेश एरेन व यशपाल रोहिला ने की। मंच संचालन आकाश काशी ने किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।



प्राथमिक विद्यालय खरौना में परखी शिक्षण व्यवस्था, 62 में 51 बच्चे मिले उपस्थित



प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था की हकीकत परखने के लिए बुधवार को डीसी एमआईएस वरुण पांडे ने प्राथमिक विद्यालय खरौना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, पठन-पाठन, मध्याह्न भोजन और निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में व्यवस्थाएं व्यवस्थित मिलीं।विद्यालय में नामांकित 62 बच्चों के सापेक्ष 51 बच्चे उपस्थित पाए गए। बुधवार होने के कारण बच्चों को निर्धारित मात्रा में दूध वितरित किया जा रहा था। मध्याह्न भोजन के तहत तैयार की जा रही तहरी में सोयाबीन की बड़ी, मटर, गोभी और टमाटर का प्रयोग किया गया था। भोजन निर्धारित मानकों के अनुरूप बनता हुआ मिला।विद्यालय में शिक्षक डायरी और निपुण तालिका कक्षा-कक्षों में चस्पा होने के साथ भरी हुई मिली। समय सारिणी के अनुसार कक्षावार शिक्षण कार्य संचालित हो रहा था। शिक्षक शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) के माध्यम से बच्चों को पढ़ाते मिले। निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावी बनाने के लिए किए जा रहे प्रयास भी सामने आए। शिक्षक संकुल अंकित श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय को दिसंबर तक निपुण बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार लाने और निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के लिए शिक्षक लगातार मेहनत कर रहे हैं। इस दौरान प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार मिश्र, सहायक अध्यापक रवि शंकर दुबे, सहायक अध्यापिका आकांक्षा पांडे और शिक्षामित्र कल्पना देवी उपस्थित रहीं।

युवती से छेड़छाड़ व मारपीट कर धमकी देने के आरोप में तीन के विरुद्ध केस दर्ज

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए गई युवती के साथ गांव का एक व्यक्ति जबरन छेड़छाड़ करने, युवती के विरोध करने पर विपक्षी मारपीट कर धमकी देने लगा, पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि मंगलवार की शाम छः बजे के करीब उसकी बेटियां शौच के लिए गई थी, लौटते समय रास्ते में गांव का एक व्यक्ति उसकी पुत्री का जबरन हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करते हुए पटक दिया और विरोध करने पर मारपीट कर धमकी देने लगा। पीड़ित की शिकायत पर कोखराज पुलिस ने महमदपुर निवासी पुष्पेंद्र उर्फ भोलू एवं उसकी मां व बहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

आलू के दाम गिरे, किसानों को घाटा, बुवाई से बना रहे दूरी

प्रातः काल एक्सप्रेस

धाता/फतेहपुर। आलू के दामों में गिरावट से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। फरवरी-मार्च में 700 से 800 रुपये प्रति क्विंटल बिकने वाला आलू अब करीब 500 रुपये में बिक रहा है। इससे किसानों की लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। नुकसान की आशंका में किसान आगामी सीजन में आलू की बुवाई का रकबा घटाने पर विचार कर रहे हैं। किसानों के मुताबिक, आलू को कोल्ड स्टोर तक पहुंचाने में 100 रुपये और भंडारण में 130 रुपये प्रति क्विंटल खर्च आया। अन्य खर्च जोड़ने पर लागत करीब 930 रुपये प्रति क्विंटल बैठ रही है। ऐसे में मौजूदा भाव पर करीब 430 रुपये प्रति क्विंटल का नुकसान हो रहा है। रमेश सिंह, भानुप्रताप सिंह और रमाशंकर सिंह समेत कई किसानों का आलू अभी कोल्ड स्टोर में रखा है। किसानों का कहना है कि उचित कीमत पर खरीदार नहीं मिलने से उनकी पूंजी फंसी हुई है।

मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत थाना कुतुबशेर पुलिस की मानवीय एवं सराहनीय पहल

निराश्रय कुष्ठ आश्रम, सहारनपुर में किया गया फल वितरण, सेवा एवं संवेदनशीलता का दिया संदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के अंतर्गत निरंतर जनकल्याणकारी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना कुतुबशेर के प्रभारी निरीक्षक द्वारा सहारनपुर स्थित निराश्रय कुष्ठ आश्रम में पहुंचकर वहां रह रहे लोगों को फल वितरित किए गए तथा उनके प्रति अपनत्व, सहयोग और मानवीय संवेदना का संदेश दिया गया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों के साथ आत्मीयता एवं सम्मानपूर्ण व्यवहार को प्रोत्साहित करना और समाज में सेवा, सहयोग तथा सामाजिक



उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करना है। सहारनपुर पुलिस आमजन की सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति भी प्रतिबद्ध है। मिशन शक्ति फेज-6 के माध्यम से महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं जनसेवा के संदेश को निरंतर जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

खेल उत्थान परिषद और कुलभास्कर कॉलेज की अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस 15-16 अक्टूबर को

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। खेल उत्थान परिषद एवं कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 15 और 16 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन होगा।

कांफ्रेंस का विषय 'क्लासरूम से परेः छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा एवं खेल का एकीकरण'ङ रखा गया है। यह आयोजन परिषद के संस्थापक संरक्षक प्रो. प्रभु कुमार पचौरी की 93वीं जयंती पर किया जा रहा है।आयोजन हाइब्रिड मोड में होगा। 15 अक्टूबर को ऑनलाइन और 16 अक्टूबर को कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में ऑफलाइन सत्र होगा।

सम्मेलन में नाइजीरिया, सऊदी अरब, अमेरिका, जर्मनी, नेपाल, इंडोनेशिया और इंग्लैंड के विशेषज्ञ शामिल होंगे। प्रमुख वक्ताओं में डॉ. राकेश तोमर, डॉ. सुम्बुल जावेद खान, डॉ. विवेक पचौरी, डॉ. सुलोचना सिजाखवा सहित कई नाम शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर से डॉ. मंजू मिश्रा, डॉ. जॉर्ज अब्राहम, डॉ. राजीव व्यास और प्रो. डीसी लाल व्याख्यान देंगे। कांफ्रेंस में विज्ञान, कृषि, प्रबंधन, आईटी, खेल, शिक्षा, विधि समेत विभिन्न विषयों पर शोध पत्र आमंत्रित किए गए है। चयनित पत्रों का पीयर रिव्यूड जर्नल में प्रकाशन होगा। साथ ही शैक्षणिक, शोध और खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार भी दिए जाएंगे।संयोजक प्रो. पवन कुमार पचौरी और डॉ. आदेश कुमार वर्मा ने शोधार्थियों, शिक्षकों और छात्रों से भागीदारी की अपील की है।

डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल के छात्र ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक, जिले का नाम किया रोशन



प्रातः काल एक्सप्रेस
सुनील कुमार गुप्ता

मिर्जापुर। जिले के लिए गौरव का क्षण है। लोहिया तालाब स्थित डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल के छात्र ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है।

हरियाणा के पानीपत स्थित बाल विकास प्रोग्रेसिव स्कूल में उननेस से चौबीस सितंबर दो हजार छब्बीस तक आयोजित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता दो हजार छब्बीस में विद्यालय के कक्षा बारह के छात्र देवांश सोनकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा जमाया है। देवांश ने उननेस वर्ष से कम आयु वर्ग के चौवन किलोग्राम से कम भार वर्ग में देश भर से आए दिग्गज खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर दी। अपनी दमदार किक, फुर्ती और बेहतरीन तकनीक के बल पर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की और विद्यालय सहित पूरे मिर्जापुर जिले का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन किया है।

इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय की निर्देशिका अपराजिता सिंह ने देवांश को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि देवांश की यह जीत उसकी अटूट लगन, अनुशासित दिनचर्या और निरंतर कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि डैफोडिल्स परिवार को अपने छात्र पर गर्व है और यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने देवांश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता की नई ऊंचाइयों को छूता रहेगा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों और छात्रों ने भी देवांश की इस उपलब्धि पर प्रसननन्ता व्यक्त की है।

नगर के दो वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

प्रातः काल एक्सप्रेस

मीरजापुर । नगर के दो वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर जनता-जनार्दन की सेवा में समर्पित किया। महुवरिया में तहसील के पीछे बड़े नलकूप का उद्घाटन कर स्थानीय नागरिकों को समर्पित किया। अनगढ़ वार्ड के तेलियागंज में शिव इंटर कॉलेज के पास स्थित कुएँ के सुंदरीकरण कार्य का उद्घाटन कर उसे सम्मानित जनता-जनार्दन की सेवा में समर्पित किया। उद्घाटन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने कहां कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार एवं नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। जनहित के कार्यों के माध्यम से नगर को विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ाने के लिए हम प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष (पूर्वी) डॉली अग्रहरि, मंडल उपाध्यक्ष एवं सभासद पति राजेश सोनकर, सभासद राकेश यादव



, नामित सभासद वीरेंद्र मौर्य, पूर्व सभासद, वीरेंद्र तिवारी, नगर मंत्री युवा मोर्चा प्रिंस केशरी, शक्ति केंद्र संयोजक, कृष्ण कुमार, प्रशांत चक्रवर्ती, राजीव शुक्ला, बूथ अध्यक्ष, निखिल चक्रवर्ती, तरुण खंडेलवाल, बूथ अध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद यादव, ओम प्रकाश गुप्ता , बूथ अध्यक्ष कन्हैया लाल गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

3 लाख जमा करने पर मकान से बेदखल नहीं होंगी सुनीता देवी, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दी अंतरिम राहत

प्रातःकाल एक्सप्रेस
विधि संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आवासीय भूखंड के आवंटन से जुड़े मामले में याचिकाकर्ता सुनीता देवी को अंतरिम राहत प्रदान की है। न्यायमूर्ति अजीत कुमार और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने 7 अक्टूबर 2026 को पारित आदेश में कहा कि यदि याचिकाकर्ता दो महीने के भीतर ?3 लाख जमा कर देती है, तो अगले आदेश तक उन्हें संबंधित मकान से बेदखल नहीं किया जाएगा।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रमाकांत यादव और संदीप कुमार ने पक्ष रखा। याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि वह आवासीय भूखंड की वैध आवंटी है। आवंटन की तीसरी किस्त जमा करने पहुंचने पर उनकी राशि स्वीकार नहीं की गई और आवंटन को टिकाऊ नहीं बताया गया। इसके बाद उन्होंने न्यायालय से राहत की मांग की। वहीं, प्रतिवादी पक्ष की ओर से मुख्य स्थायी अधिवक्ता (सीएससी) विभु राय और विजय बहादुर मौर्य ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान संबंधित स्थानीय निकाय की ओर से बताया गया कि इसी तरह के तथ्यों वाले कई अन्य आवंटियों ने भी हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ऐसे ही एक मामले में रिट-सी संख्या 25316/2025 का उल्लेख किया गया, जिसमें अंतरिम संरक्षण प्रदान किया गया था। खंडपीठ ने निर्देश दिया कि सुनीता देवी की याचिका को उक्त मामले के साथ संबद्ध कर नियत तिथि पर सूचीबद्ध किया जाए। साथ ही, दोनों पक्षों को अपने-अपने लिखित पक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। अदालत ने अंतरिम व्यवस्था के तहत स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता द्वारा दो महीने के भीतर ?3 लाख जमा किए जाने की स्थिति में, मामले में आगे का आदेश पारित होने तक उन्हें संबंधित मकान से बेदखल नहीं किया जाएगा।

मामले का विवरणः
रिट-सी संख्या 39090/2026, सुनीता देवी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं दो अन्य आदेश दिनांक 7 अक्टूबर 2026